# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 5 जून 2024










## खबर संक्षेप

### स्पेक्ट्रम नीलामी को 25 जून तक टाला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्पेक्ट्रम नीलामी को 25 जून तक टाल दिया है।



इससे पहले 6 जून को नीलामी की तिथि तय की गई थी। देश में एक्टिव टेलीकॉम सर्विसेज प्रोवाइडर कंपनियां भारती एयरटेल, रिलायंस जियो इंफोकॉम, वोडाफोन-आइडिया के लिए अच्छी खबर है। कंपनियों को अगले 20 सालों के लिए 8 प्रकार के स्पेक्ट्रम बैंड के लिए बोली लगाने का मौका मिलेगा।

### जवान से दुर्घटनावश गोली चलने से महिला घायल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक कर्मी से उसके हथियार से



दुर्घटनावश चली गोली में एक महिला घायल हो गयी। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह घटना तब हुई जब सीआरपीएफ और पुलिस दक्षिण कश्मीर जिले में त्राल इलाके के सैयदाबाद पश्तूना में गश्त कर रही थी। उन्होंने बताया कि घायल महिला की पहचान सैयदाबाद पश्तूना त्राल निवासी शाहीना (40) के रूप में की गयी है।

### असंतुष्ट उम्मीदवार को करना होगा 47,200 रुपये का भुगतान

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के



अनुसार, दूसरे या तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में लगी 'माइक्रोकंट्रोलर चिप' में छेड़छाड़ या संशोधन का सत्यापन कराने के लिए प्रति ईवीएम सेट पर 47,200 रुपये का भुगतान करना होगा। एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) सेट में एक बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट होता है।

### नतीजे आते ही शेयर बाजार ने बदली करवट, सरकारी कंपनियों और अदाणी के शेयरों में भारी गिरावट

# 'एग्जिट' का तूफान थमा, 'एग्जेक्ट' ने गिराया बाजार

# डूब गए निवेशकों के 31 लाख करोड़ रुपए से अधिक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आम चुनाव के रुझानों में सत्तारूढ़ भाजपा के बहुमत से दूर रहने के संकेत मिलने के बाद मंगलवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट हुई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग छह प्रतिशत टूट गए। यह किसी एक दिन में पिछले चार साल की सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की तेज बढ़त के बाद मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 4,389.73 अंक या 5.74 प्रतिशत फिसलकर दो महीने के निचले स्तर 72,079.05 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 6,234.35 अंक या 8.15 प्रतिशत गिरकर लगभग पांच महीने के निचले स्तर 70,234.43 अंक पर आ गया था।

- सेंसेक्स, निफ्टी छह प्रतिशत टूटे

### लॉकडाउन में सेंसेक्स, निफ्टी में 13 फीसदी की गिरावट रही

इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,982.45 अंक या 8.52 प्रतिशत गिरकर 21,281.45 अंक पर आ गया। बाद में यह 1,379.40 अंक या 5.93 प्रतिशत के बड़े नुकसान के साथ 21,884.50 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले 23 मार्च, 2020 को कोविड-19 महामारी के कारण लॉकडाउन लगाए जाने पर सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 13 प्रतिशत की गिरावट हुई थी।

| बीएसई सेंसेक्स | निफ्टी | बैंक निफ्टी | निफ्टी आईटी | एसएंडपी स्मॉलकैप |
|---|---|---|---|---|
| 72,079.05 | 21,884.50 | 46,928.60 | 32,315.55 | 44,958.48 |
| -4,389.73 | -1,379.40 | -4,051.35 | -195.80 | -3,273.82 |
| (-5.74%) | (-5.93%) | (-7.95%) | (-0.60%) | (-6.79%) |


### चार साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज



### निवेशकों को शुरूआती दौर में हुआ 45 लाख करोड़ का नुकसान

बाजार में इस हाहाकार के चलते दिन के कारोबारी सत्र में निवेशकों के 45 लाख करोड़ रुपए खाक हो गए. पर निचले लेवल से बाजार ने थोड़ी रिकवरी दिखाई इसके बावजूद बाजार बंद होने पर निवेशकों को आज के सत्र में 31 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### एनटीपीसी में 15 फीसदी की गिरावट



सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी में सबसे अधिक करीब 15 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके अलावा एसबीआई में 14 प्रतिशत, एलएंडटी में 12 प्रतिशत और पावर ग्रिड में 12 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### इन शेयरों में रहा लाभ

दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर में छह प्रतिशत और नेस्ले में तीन प्रतिशत की तेजी आई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स और सन फार्मा भी लाभ में रहे। एफएमसीजी को छोड़कर सभी क्षेत्रीय सूचकांक नुकसान के साथ बंद हुए।

### पीएसयू के शेयरों में 15 प्रतिशत तक की गिरावट

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और सरकारी बैंकों के शेयरों में 15 प्रतिशत तक की गिरावट आई। एनएसई पर पंजाब एंड सिंध बैंक का शेयर 14.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55.50 रुपये पर आ गया। इंडियन बैंक का शेयर गिरावट के साथ 528.75 रुपये पर और यूनियन बैंक मामूली गिरावट के साथ 148.90 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इनके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर 11.73 प्रतिशत गिरकर 799.45 रुपये पर आ गया।

### अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट

अदाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर अदाणी पोर्ट्स का शेयर 20 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का 19.80 प्रतिशत, अदाणी पावर का 19.76 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स का 19.20 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 19.13 प्रतिशत टूटा। अदाणी टोटल गैस के शेयर में 18.55 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 18.31 प्रतिशत, एनडीटीवी में 15.65 प्रतिशत, एसीसी में 14.49 प्रतिशत तथा अदाणी विल्मर में 9.81 प्रतिशत की गिरावट आई।

### 285 स्टॉक अपने 52 हफ्ते के निम्नतम स्तर पर पहुंचे

बीएसई पर मंगलवार को ऐसा भयानक मंजर था कि 736 कंपनियों ने लोअर सर्किट छुआ और 285 कंपनियों के स्टॉक अपने 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर पर पहुंच गए। देश के सबसे पुराने एक्सचेंज पर आज ट्रेडिंग कर रहे 3,873 स्टॉक में से 3,402 में गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही लगभग 100 स्टॉक में कोई बदलाव नहीं आया। सिर्फ 370 स्टॉक ही आज ऐसे रहे, जो हरे निशान का मुंह देख सके।

### इन शेयरों ने लगाया अपर सर्किट

लोअर सर्किट लगाने वाले प्रमुख शेयरों में आईनॉक्स विंड, जेएंडके बैंक, अलोक इंडस्ट्रीज, टीवी 18 ब्रॉडकास्ट, वन 97 कम्युनिकेशंस, एनबीसीसी, स्वान एनर्जी, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और शक्ति पम्पस शामिल रहे। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप भी लगभग 23 लाख करोड़ रुपये कम हो गया। इस भारी गिरावट के बावजूद 119 स्टॉक ने 52 हफ्तों का सर्वोच्च स्तर हासिल किया। साथ ही 92 स्टॉक ने अपर सर्किट भी लगाया है।

## सुखोई विमान क्रैश, पायलट और सह पायलट ने कूदकर बचाई जान



एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय वायुसेना का एक सुखोई लड़ाकू विमान मंगलवार को क्रैश हो गया। हादसा महाराष्ट्र के नासिक में हुआ है। नासिक रेंज के विशेष महानिरीक्षक डी आर कराले ने बताया कि सुखोई एसयू-30 एमकेआई विमान के पायलट और सह-पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। विमान शिरसगांव गांव के पास एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। अधिकारी ने बताया कि विमान विंग कमांडर बोकिल और उनके दूसरे कमांडर बिस्वास उड़ा रहे थे। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। उन्हें ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दो इंजन, दो चालक

रूसी सुखोई एसयु-30 एमकेआई भारतीय वायुसेना में सबसे ताकतवर एयरक्राफ्ट माना जाता है। भारतीय वायुसेना के पास 272 सक्रिय सुखोई एसयु-30 एमकेआई हैं, इस एयरक्राफ्ट में दो इंजन हैं और दो चालकों के बैठने की जगह है। इनमें से कुछ एयरक्राफ्ट को सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस को लॉन्च करने के लिए भी अपग्रेड किया गया है।

### 3,000 किमी. तक हमला

सुखोई विमान 3,000 किलोमीटर तक हमला कर सकता है। जबकि इसकी क्रूज रेंज 3,200 किलोमीटर तक है और कॉम्बेट रेडियस 1,500 किलोमीटर है। वजन में भारी होने के बावजूद यह लड़ाकू विमान अपनी तेज गति के लिये जाना जाता है। यह विमान आकाश में 2,100 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से फर्राटा भर सकता है।

### एग्जिट पोल में एनडीए को दी थी 400 तक सीटें

## सर्वे गलत साबित, लाइव टीवी पर रो पड़े प्रदीप गुप्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में देश की राजनीति का एक अलग ही मूड निकलकर सामने आया है। दो दिन पहले जो तस्वीर एग्जिट पोल में नजर आई थी, वास्तविकता में परिणाम उससे बहुत ही अलग आए हैं। कई न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन वाले एनडीए को 350 से अधिक सीटें मिलने का दावा किया गया था। यहां तक कि कुछ एग्जिट पोल में तो 400 का आंकड़ा भी छूता हुआ दिखाया गया था, लेकिन चुनावी रिजल्ट ने सभी एग्जिट पोल के दावों को ध्वस्त कर दिया।

### लाइव के दौरान हुए भावुक

इंडिया टुडे की लाइव कवरेज के दौरान प्रदीप गुप्ता एग्जिट पोल पर चर्चा का हिस्सा थे। इसी दौरान उनसे एग्जिट पोल पर बातचीत की गई और फिर वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इस दौरान एंकर्स ने उन्हें ऑन एयर ही सांत्वना दी और आंसू पोंछने के लिए टीश्यू पेपर दिए।



इस बीच, एक्सिस माई इंडिया कंपनी के प्रमुख प्रदीप गुप्ता को भी अपने एग्जिट पोल पर काफी अफसोस है। इंडिया टुडे ग्रुप के लिए सर्वे करने वाली इस कंपनी ने अपने एग्जिट पोल में एनडीए को 350 से ज्यादा सीटें मिलने का दावा किया था। यहां तक कि 400 सीटें मिलने की भी बात कही थी, लेकिन असल परिणाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### क्या था एग्जिट पोल में?

बता दें कि एक्सिस माई इंडिया एग्जिट पोल के अनुसार, एनडीए को लोकसभा चुनाव में 361-401 सीटें जीतने का दावा किया गया था। साथ ही इंडिया अलाइंस को 131-166 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया था। वहीं अन्य दलों को 8-20 सीटें दी गई थीं, लेकिन एग्जिट पोल के एकदम विपरीत परिणाम की बात करें तो इलेक्शन कमीशन के आंकड़ों के अनुसार, एनडीए को लगभग 300 सीटें और इंडिया अलाइंस को 229 सीटें मिलती दिख रही हैं।







रायपुर
बुधवार, 5 जून 2024
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 22, अंक : 317
पृष्ठ : 12+8+4 = 24, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 42.2
न्यून. 30.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

विश्व पर्यावरण दिवस

haribhoomi.com


# नीट के नतीजे घोषित, समित और देवेश ने किया टॉप, कटऑफ में हुई वृद्धि


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मेडिकल एस्पिरेंट्स के लिए बड़ी खबर है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 4 जून को नीट का परिणाम घोषित कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार जयपुर के समित कुमार सैनी और देवेश जोशी ने नीट परीक्षा में टॉप किया है। इस साल 13.16 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा पास की है। पिछले साल 11.45 लाख उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए थे। कुल 20.38 लाख उम्मीदवारों ने नीट यूजी के लिए पंजीकरण कराया था। इस साल करीब 24 लाख बच्चों ने नीट यूजी की परीक्षा दी है। नीट परीक्षा देने वाले स्टूडेंट आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने नीट रिजल्ट की जांच कर सकते हैं। नीट यूजी रिजल्ट की जांच के लिए उम्मीदवारों को एप्लिकेशन नंबर और पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा। नीट यूजी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए छात्रों को 50 प्रतिशत अंकों की जरूरत होती है। एनटीए ने नीट रिजल्ट 2024 के साथ ही नीट यूजी कट-ऑफ भी जारी किया है।

## 20.38 लाख उम्मीदवारों ने कराया था पंजीयन, 13.16 लाख ने पास की परीक्षा

### नीट कटऑफ में हुई बढ़ोतरी

इस साल यूआर-ईडब्लूएस के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 50वां वहीं कटऑफ स्कोर 720 से 164 गया है। वहीं ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 40वां वहीं कटऑफ स्कोर 163 से 129, एससी के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 40वां वहीं कटऑफ स्कोर 163 से 129, एसटी के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 40वां वहीं कटऑफ स्कोर 163 से 129, यूआर/ईडब्ल्यूएस-पीडीब्ल्यूडी के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 40वां वहीं कटऑफ स्कोर 163 से 146, ओबीसी-पीडब्ल्डी के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 40वां वहीं कटऑफ स्कोर 145 से 129, एससी-पीडब्ल्यू के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 40वां वहीं कटऑफ स्कोर 145 से 129 और एसटी-पीडब्ल्यूडी के के लिए नीट 2024 कटऑफ पर्सेंटाइल 40वां वहीं नीट कटऑफ स्कोर 141-129 है।




### रिजर्वेशन क्राइटेरिया

नीट यूजी परीक्षा में एससी (SC) के लिए प्रत्येक कोर्स में 15% सीटें आरक्षित हैं। एसटी के लिए प्रत्येक कोर्स में 7.5% सीटें और दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए जनरल, जनरल-ईडब्ल्यूएस, ओबीसीएनसीएल, ओबीसी एनसीएल, एससी, एसटी श्रेणी की प्रत्येक सीट पर 5% सीटें आरक्षित हैं। पिछले साल, सामान्य श्रेणी के लिए नीट यूजी कटऑफ पर्सेंटाइल एमबीबीएस और बीडीएस उम्मीदवारों के लिए 50 और ओबीसी, एससी, एसटी उम्मीदवारों के लिए 40 था। बता दें कि एनटीए अखिल भारतीय कॉमन मेरिट सूची में प्राप्त उच्चतम अंकों के आधार पर नीट यूजी का पर्सेंटाइल तय करता है।

### टॉपर के नाम की घोषणा नहीं

एनटीए ने नीट यूजी फाइनल आंसर-की के बाद नीट परीक्षा का परीक्षा तो घोषित किया है, लेकिन अब तक किसी टॉपर के नाम की घोषणा नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार जयपुर के समित कुमार सैनी और देवेश जोशी ने नीट परीक्षा में टॉप किया है। रिपोर्ट के अनुसार समित और देवेश को नीट यूजी परीक्षा में 720 अंक मिले हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि उन्होंने नीट एआईआर 1 रैंक हासिल किया है या नहीं। पिछले साल नीट यूजी में तमिलनाडु के प्रबंजन जे और आंध्र प्रदेश के बोरा वरुण चक्रवर्ती ने टॉप किया था. दोनों को नीट में 99.99 पर्सेंटाइल मिले थे।

**रेस्तरा के एसी में धमाके से लगी आग : गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक बहुमंजिला इमारत में बने एक रेस्तरां में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने कहा कि वातानुकूलन (एसी) इकाई में धमाके के कारण आग लगी। एक अधिकारी ने बताया कि साहिबाबाद पुलिस थाना क्षेत्र के श्याम पार्क एक्सटेंशन में मोती महल रेस्तरां की इमारत में आग लग गई। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# भाजपा मुख्यालय में जीत के शंखनाद की गूंज, कांग्रेस में जश्न, आप में सन्नाटा

*लोकसभा चुनाव के रुझान और नतीजे आने के बाद डीडीयू मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय में शंखनाद शुरू हो गया। 'भारत माता की जय' और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों गूंज सुनने को मिली। रुझानों में बढ़त देख भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता गया। कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते-थिरकते दिखे। कांग्रेस मुख्यालय में भी जीत की धूम रही। इस बीच, दिल्ली के आप दफ्तर में सन्नाटा दिखाई दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मतगणना के बाद जब जीत स्पष्ट होने लगी तो वैसे ही कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। जश्न को लेकर सुबह से ही कार्यकर्ता अलग-अलग अंदाज में यहां पहुंचते नजर आए। कोई साइकिल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कटआउट, तो कोई मोदी की ड्रेस में व कुछ विजय शंख लेकर पहुंचे। जैसे-जैसे ▶▶ शेष पेज 04 पर

- रुझान और नतीजे आने के बाद 'भारत माता की जय' के नारे

### मोदी की आरती उतारी, चढ़ाया दूध

बिहार के हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से साइकिल चलाकर भाजपा मुख्यालय पहुंचे रतन रंजन ने अपनी साइकिल पर मोदी का कटआउट लगाया। वह मोदी की पहले आरती करते हैं। इसके बाद उन्हें दूध चढ़ाते हैं। यह देश हर कोई उनके साथ सेल्फी लेने लगता है और मोदी की आरती उतारने लगाता है। उन्होंने बताया कि वह युवा अवस्था से ▶▶ शेष पेज 04 पर




### राहुल गांधी जिंदाबाद के गूंजे नारे

अकबर रोड स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में हर्ष का माहौल दिखा। कांग्रेस कार्यकर्ता ढोल की ताल पर झूमते नजर आए। यहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह प्यार-मोहब्बत की जीत है। इस खास मौके पर मुख्यालय के बाहर पटाखे फोड़े गए। यहां जश्न मनाते और मिठाई बांटते पार्टी के ▶▶ शेष पेज 04 पर

### सन्नाटे के साए में रहा आप मुख्यालय

लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर जहां भाजपा व कांग्रेस मुख्यालय में सुबह से भी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। वहीं, यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) मुख्यालय सूना पड़ा रहा है। यहां न जश्न की कोई तैयारी दिखी, न ही किसी तरह साज-सज्जा। न फूल व गुब्बारें लगे दिखे। ऐसे में चुनाव के रुझान आने से पहले भी जश्न फीका नजर ▶▶ शेष पेज 04 पर








**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: AARANG:** V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 8305759763; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Anaal Honda - 9589090022/26/29, 9589090024/27; Aan Honda (Nehrunagar) - 9826635600, 0788-4013336; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONDEKHURD:** Yash Honda - 9826146586; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9806869214; **DURG:** Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda- 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto -7389320271; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457, 7587341845; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; **MANDIR HASAUD:** Gurukripa Honda - 9827892427: **NAGRI:** Nahta Honda- 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932, 9406453860, **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **AMBAGARH CHOWKI:** Nihal Honda - 8719911000, 9165143484; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

## सीएम साय बोले- कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से जीते

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे और वहां पर प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ मिलकर परिणाम देखते रहे। शाम को जहां प्रदेश संगठन ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया, वहीं मुख्यमंत्री ने भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी को छत्तीसगढ़ में मिली जीत पर बधाई दी। श्री साय ने कहा पिछले लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को 9 सीटें मिली थीं, इस बार यह बढ़कर 10 हो गई हैं। कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री शेष पेज 02 पर

हरिभूमि
रायपुर भूमि

## रायपुर लोकसभा में हर राउंड में भाजपा आगे कांग्रेस चारो खाने चित्त



लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में रायपुर लोकसभा सीट भाजपा के लिए एक प्रतिष्ठापूर्ण सीट बनी हुई थी। दरअसल भाजपा ने इस सीट से अपने कद्दावर नेता और राज्य सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को उतारा था। इस सीट पर भाजपा की जीत पहले ही तय मानी जा रही थी, लेकिन बड़ा सवाल ये था कि बृजमोहन को लीड कितनी मिलती है। जब वोटों की गिनती शुरू हुई, तो भाजपा प्रत्याशी हर राउंड में बढ़त बनाते चलते रहे और सभी राउंड की गिनती पूरी होने पर बृजमोहन ने 5 लाख 58 हजार वोटों की लीड बना ली। वे राज्य में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले लोकसभा प्रत्याशी बने हैं। खास बात ये भी है कि 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भी वे रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से प्रदेश में सबसे अधिक 67 हजार वोटों से जीते थे।

### ये है हर राउंड के वोटों का हिसाब

| राउंड | बृजमोहन अग्रवाल | विकास उपाध्याय |
|---|---|---|
| पहला | 49162 | 27630 |
| द्वितीय | 53814 | 24009 |
| तृतीय | 158023 | 77,749 |
| चौथा | 206797 | 105065 |
| पांचवा | 257457 | 128371 |
| छठवां | 304471 | 154392 |
| सातवा | 357260 | 179176 |
| आठवां | 4,11,653 | 2,03,952 |
| नौवा | 4,70,333 | 2,26,192 |
| दसवां | 529642 | 249004 |
| 11वां | 586239 | 275308 |
| 12वें | 646771 | 297960 |
| 13वें | 703303 | 323643 |
| 14वें | 759130 | 348960 |
| 15वें | 812660 | 374000 |
| 16वें | 865575 | 395482 |
| 17वें | 9,17,443 | 4,15,530 |
| 18वें | 9,61,083 | 4,34,072 |
| 19वें | 9,95,158 | 4,48,555 |
| 20वें | 10,15,558 | 4,60,500 |
| 21वें | 10,31,484 | 4,67,099 |
| 22वें | 10,44,873 | 4,72,275 |
| 23वें | 10,50,351 | 4,75,066 |

बृजमोहन अग्रवाल 5,75,285 मतों से जीते।

# छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत पर जमकर थिरके भाजपाई, आतिशबाजी की, बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथ 11 में से 10 सीटें लगीं। भाजपा का सभी 11 सीटें जीतने का सपना एक बार फिर पूरा नहीं हो सका। भाजपा ने प्रदेश में अपनी जीत के साथ केंद्र में एनडीए को बहुमत मिलने पर जमकर जश्न मनाया। भाजपा नेताओं ने राजधानी रायपुर में एकात्म परिसर से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में जश्न मनाया। रायपुर के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के समर्थकों ने भी उनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय से लेकर शहर में जश्न मनाया। इसी तरह से पूरे प्रदेश में भाजपा नेताओं ने जोरदार जश्न मनाने के साथ जमकर आतिशबाजी भी की और मिठाई बांटी। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित भाजपा नेताओं से प्रदेश में भाजपा की जीत पर प्रसन्ना व्यक्त की।

लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर भाजपा नेता सुबह से ही कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के साथ एकात्म परिसर में डटे रहे। भाजपा ने हर लोकसभा से जहां पल-पल की खबर ले रहे थे, वहीं टीवी पर देशभर के चुनावी नतीजों पर भी नजरें बनाए हुए थे। प्रदेश की 11 में से 10 लोकसभा सीटों पर तो प्रारंभ से ही भाजपा के प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन कोरबा सीट से भाजपा की प्रत्याशी सरोज पांडेय प्रारंभ से ही पीछे रहीं और अंत में उनको हार का सामना करना पड़ा।

### साय ने भी चलाए पटाखे

भाजपा नेताओं ने ठाकरे परिसर के साथ एकात्म परिसर में भी भाजपा की जीत पर जमकर आतिशबाजी की और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता जमकर थिरके भी। जहां एक तरफ शेष पेज 02 पर



### भाजपा को 11 में से 10 सीटों पर मिली जीत





### साय बोले- भाजपा को 10 सीटों पर जीत मिली, जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, लोकसभा के इस चुनाव में भाजपा को प्रदेश में 10 सीटों पर जीत मिली है। जनता ने एक बार फिर से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। प्रदेश की जनता ने एक बार फिर से कांग्रेस को नकार दिया है। कांग्रेस को एक ही सीट मिली है। भूपेश बघेल को राजनांदगांव से बैरंग लौटना पड़ा है। इंडी गठबंधन के सभी दल मिलकर भी सीटों में भाजपा से पीछे रह गए। श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, हम लोगों को इस बार प्रदेश की सभी 11 सीटों पर जीत का भरोसा था, लेकिन जनता ने हमें 10 सीटों पर आशीर्वाद दिया है। हमारे लिए जनता का आशीर्वाद मायने रखता है। जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है और भाजपा के प्रत्याशी बड़े अंतर से जीते हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, तो जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया है। कांग्रेस एक सीट पर सिमट कर रह गई है। श्री साय ने कहा, प्रदेश की जनता ने भी मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के पीएम बनेंगे। उन्होंने शानदार जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।



## मतगणना स्थल पर बिना हेलमेट लगाए दोपहिया से ड्यूटी करने पहुंचे दो ट्रैफिक कर्मियों का कटा चालान





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश जारी किया हुआ है कि कोई भी पुलिस कर्मी वर्दी पहनकर अगर दोपहिया वाहन चला रहा है, तो हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाए। पुलिस अधीक्षक के इस निर्देश के बाद भी कई पुलिस कर्मी इसका पालन नहीं कर रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण मंगलवार को सेजबहार मतगणना स्थल पर भी दिखा, जहां दो यातायात पुलिस कर्मी शेष पेज 02 पर



■ एसएसपी दे चुके निर्देश, वर्दी में दोपहिया चलाते समय हेलमेट लगाना अनिवार्य



### सेजबहार में लगाई गई थी ड्यूटी

यातायात विभाग ने मतगणना स्थल इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए प्रधान आरक्षक एवं एक आरक्षक की ड्यूटी लगाई थी। सुबह दोनों अपने-अपने दोपहिया वाहन से ड्यूटी करने शेष पेज 02 पर

# लेटलतीफी में टॉप पर समर स्पेशल ट्रेन, दुरंतो एक्सप्रेस आज 7 घंटे देर से होगी रवाना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

ट्रेनों की लेटलतीफी अब घंटे में नहीं, दिन में पहुंच गई है। गुजरात से पुरी तक चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन का हाल यही है। एक जून को पहुंचने वाली यह ट्रेन मंगलवार को रायपुर पहुंची है। इसके अलावा उत्कल एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस व मेल जैसी प्रमुख और लंबी दूरी की ट्रेनों के परिचालन की स्थिति कुछ इसी तरह है। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री नाराज हैं और इस अव्यवस्था को लेकर रेल प्रशासन को जमकर कोस रहे हैं। पेयरिंग रैक के अत्यधिक विलंब से चलने के कारण 6 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। 5 जून 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस 7 घंटे देर से रवाना होगी। वैसे तो शेष पेज 02 पर

■ पेयरिंग रैक के अत्यधिक विलंब से चलने के कारण रेलवे अब ट्रेनों को कर रहा रद्द

### हर दिन बढ़ रहा इंतजार

ट्रेनों के परिचालन को देखते हुए यात्री गंतव्य तक पहुंचने के लिए नियमित ट्रेनों में रिजर्वेशन अधिक करा रहे हैं। समर स्पेशल ट्रेनों में एक उधना-पुरी एक्सप्रेस की हालत यह है कि ट्रेन को एक जून को ही रायपुर पहुंच जाना था, जो अगले दिन पहुंची। रेल प्रशासन भी संतोषप्रद जवाब नहीं दे रहा है। इसी तरह सुबह नौ बजे की उत्कल एक्सप्रेस छह घंटे, आजाद हिंद एक्सप्रेस पांच घंटे, शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस छह घंटे, मुंबई- हावड़ा मेल 3:30 घंटे, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस 22 घंटे, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस व शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रेन एक-एक घंटे देर से पहुंचीं। इन सभी ट्रेनों के यात्रियों को भीषण गर्मी के बीच स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें परेशानी हुई।

### मंगलवार को देर से रवाना हुई यह ट्रेन

1) 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस 7 घंटे देर से रवाना हुई।
2) 18478 एक्सप्रेस 3 घंटे 45 मिनट देर से रवाना हुई।
3) 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस 4 घंटे देर से रवाना हुई।

# लखनऊ एयरपोर्ट में क्रेन खराब, उड़ान नहीं भर पाई रायपुर फ्लाइट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में मरम्मत के काम में लगी क्रेन में खराबी आने की वजह से वहां विमानों की आवाजाही प्रभावित हो गई। नियमित रूप से दोपहर वहां से रायपुर आने वाली फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। इसकी वजह से भुवनेश्वर जाने वाली फ्लाइट भी स्थगित रही और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार लखनऊ एयरपोर्ट में खराब क्रेन हवा में लटक गई थी, जिसकी वजह से वहां विमानों के संचालन में सुबह से ही रोक लगा दी गई थी। दूसरे देशों और देश के शहरों से आने वाली फ्लाइट को अन्यंत्र विमानतल में डायवर्ट करना पड़ा था। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि लखनऊ से उड़ान भरने वाली किसी भी फ्लाइट का संचालन नहीं किया गया था, जिसमें रायपुर का विमान भी शामिल था। यह शेष पेज 02 पर

■ भुवनेश्वर की उड़ान भी स्थगित यात्री हलाकान होते रहे

### संचालित हो रही दिल्ली की छह उड़ान

तकनीकी दिक्कत की वजह से दिल्ली-रायपुर के बीच अपनी एक ही उड़ान का संचालन करने वाली विस्तारा एयरलाइंस की दूसरी फ्लाइट चार दिन पहले ट्रेक पर आ गई है। विमानन कंपनी अब सुबह और शाम के शेड्यूल में नियमित रूप से अपनी फ्लाइट संचालित कर रही है। इस फ्लाइट के साथ दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच अब रोजाना छह फ्लाइट शुरू हो चुकी है। इसमें चार उड़ान इंडिगो तथा दो उड़ान विस्तारा की है।

### जगदलपुर की उड़ान पर संशय बरकरार

जगदलपुर-रायपुर के बीच सप्ताह में दो दिन और हैदराबाद-जगदलपुर के बीच तीन दिन संचालित होने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट के संचालन में संशय बरकरार है। इसे पूर्व में एक जून से शुरू किया जाना था, जिसे 15 जून तक आगे बढ़ा दिया गया था, मगर अब इसका संचालन जुलाई में ही किए जाने की संभावना बन रही है। इन शहरों के बीच इंडिगो द्वारा भी विमान का संचालन किया जाता है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


# ग्रीष्मलहर से राहत, उमस से परेशानी

रायपुर। हवा की दिशा में बदलाव होने के बाद राज्य में लू यानी ग्रीष्मलहर की स्थिति तो टल गई है, मगर अरब सागर से आने वाली नमीयुक्त हवा के प्रभाव से उमस बढ़ गई है। मानसून के आगमन तक इसी तरह की स्थिति बने रहने की संभावना है। प्री-मानसून के रूप में किसी न किसी इलाके में हल्की से मध्यम वर्षा हो रही है। दक्षिण-पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ की तरफ आगे बढ़ रहा है, जिसकी वजह से यहां वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ती जा रही है। तापमान में अभी उतार-चढ़ाव का दौर रहने की संभावना है, जिसके कारण बारिश होने तक कम-ज्यादा गर्मी का अनुभव होता रहेगा।

■ अरब सागर से निम्नस्तर पर आ रही रही नमीयुक्त हवा




## पेज 1 के शेष

### छत्तीसगढ़ में प्रचंड...

ठाकरे परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद भी पटाखे चलाए, वहीं प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारियों और नेताओं ने भी पटाखे चलाए। ठाकरे परिसर के जश्न में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री संजय श्री वास्तव, रामू रोहरा, शिवतरन शर्मा, रामप्रताप सिंह, सच्चिदानंद उपासने, अमित चिमनानी, अमित साहू सहित कई नेता उपस्थित थे। वहीं एकात्म परिसर में विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, जंयती पटेल, अशोक बजाज, पूर्व विधायक नंदे साहू सहित कई नेताओं की उपस्थिति में जमकर आतिशबाजी की गई।

**डबल इंजन की सरकार करेगी राज्य का तेज विकास : किरण देव**- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा की शानदार जीत पर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा, यह जीत जनता और प्रधानमंत्री श्री मोदी 10 वर्षों में किए गए काम और लिए गए क्रांतिकारी निर्णयों की जीत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने जो अपना विश्वास व्यक्त किया है, अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार उस विश्वास की कसौटी पर खरी उतरने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी।

**मोदी पर भरोसा कायम** -भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व रामजी भारती ने कहा, जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जो अपना अटूट विश्वास कायम रखकर तीसरी बार केंद्र की सत्ता सौंपी है, वह भाजपा को सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करेगा। मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में विश्वस्तरीय स्टेशन का निर्माण करेगी जिसके अंतर्गत 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास किया जाएगा। आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार होगा। विश्वस्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा और भरतलाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ समेत देशभर में भाजपा के प्रति अपना अभूतपूर्व समर्थन व्यक्त करने पर जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, भाजपानीत राजग सरकार अब विकसित भारत के अपने विजन पर तेजी से काम करेगी।

**बृजमोहन ने काटा लड्डू वाला केक**- बृजमोहन अग्रवाल की जीत को लेकर समर्थक और भाजपा के कार्यकर्ता उत्सहित रहे। श्री अग्रवाल ने केंद्रीय चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ लड्डूओं से बना केक काटा और सबको खिलाया। केंद्रीय चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। श्री अग्रवाल की जीत पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जयस्तंभ चौक में भी जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटी।

**बृजमोहन बोले- मेरी भूमिका केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा** -रायपुर लोकसभा से ऐतिहास जीत पर बृजमोहन अग्रवाल ने जनता के प्रति आभार जताया और कहा यहां की जनता ने हमेशा से मुझे प्यार और आशीर्वाद दिया है। पहली बार लोकसभा में भी जनता ने मुझे पर भरोसा जताते हुए रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा, रायपुर लोकसभा की जनता की सेवा मेरी प्राथमिकता। केंद्र में अपनी भूमिका को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, मेरी भूमिका भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा।

**बृजमोहन की विजय रैली**- रायपुर लोकसभा में जीत का प्रमाणपत्र लेने के बाद बृजमोहन अग्रवाल की विजय रैली मतगणना स्थल इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार से निकाली गई। यह रैली संतोषी नगर, टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक, कालीबाड़ी चौक, महिला थाना चौक, मोतीबाग चौक से होते हुए सिविल लाइन स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय सिविल लाइन पहुंची। श्री अग्रवाल अपनी जीत का प्रमाणपत्र लेने के लिए अपनी पत्नी के साथ पहुंचे थे। इसके पहले उन्होंने अपनी पत्नी के साथ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

**डिप्टी सीएम शर्मा बोले- तीसरी बार पीएम बनकर मोदी रचेंगे इतिहास**-डिप्टी मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत देकर जनता जनार्दन ने एक बार फिर राष्ट्र की बागडोर महानायक नरेंद्र मोदी को सौंपने का आदेश दिया है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचेंगे।

**सीएम साय बोले- कार्यकर्ताओं के...**- अजय जामवाल भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन सहित सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया। किरण देव ने भाजपा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा, इंडी गठबंधन हारने के बाद भी बड़े-बड़े बयानों से परहेज नहीं कर रहा, जबकि एनडीए जीत के बाद भी सौम्य है। इंडी गठबंधन तमाम गलत एजेंडे फैलाने के बावजूद भी भाजपा से आगे नहीं बढ़ पाया और पूरा का पूरा इंडी गठबंधन सीटों के मामले में भाजपा से पीछे रहा। लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना ऐतिहासिक है।

### मतगणना स्थल पर बिना....

बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन से ड्यूटी करने के लिए पहुंचे थे। इन दोनों पुलिस कर्मियों को हेलमेट बिना वाहन चलाते देखते ही यातायात विभाग के डीएसपी गुरजीत सिंह ने दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका चालान कटवाया और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने की समझाइश दी।

**प्रावधान 500 रुपये का, ट्रैफिक कर्मियों पर लगाया दोगुना जुर्माना**- मोटरयान अधिनियम के तहत बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने पर 5 सौ रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है, लेकिन ट्रैफिक कर्मी होकर नियम का उल्लंघन करने पर डीएसपी ने दोनों कर्मियों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 129/194 (डी) के तहत दोगुना जुर्माना लगाया है। इस तरह उनके विरुद्ध एक-एक हजार रुपये का चालान काटा गया।

### सेजबहार में लगाई...

पहुंचे थे। वाहन चलाते समय दोनों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। डीएसपी ने जब दोनों से हेलमेट नहीं पहनने का कारण पूछा, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत चालान कटवाया।

### लेटलतीफी में टॉप पर...

ट्रेनों की लेटलतीफी की इस समस्या से यात्री सालभर से जूझ रहे हैं, लेकिन अभी समस्या कुछ अधिक बढ़ गई है। यात्री लगातार आस लगाए बैठे हैं कि परिचालन की स्थिति अब सुधर जाएगी। हालांकि ऐसा हो नहीं रहा। लेटलतीफी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। यात्री इससे पहले ही परेशान थे। अब गर्मी के कारण लेटलतीफी से ज्यादा दिक्कत हो रही है। अब तक ट्रेनें घंटों में विलंब से चलती थीं, लेकिन वर्तमान लेटलतीफी का समय दिन में बदल गया है। सबसे बदतर हालात समर स्पेशल ट्रेनों के हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट में...

फ्लाइट नियमित रूप से सुबह 9.45 बजे रायपुर पहुंचती है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में थोड़ी देर स्टापेज के बाद 10.15 बजे यात्रियों को लेकर भुवनेश्वर के लिए रवाना होती है। तीन राज्यों के शहरों को एक साथ जोड़ने वाली इस फ्लाइट में काफी संख्या में यात्री होते हैं।

## निधन

### गोपी नारायण कश्यप



रायपुर। चंगोराभाठा निवासी गिरजाशंकर मिश्र विद्यालय रायपुरा के व्याख्याता गोपी नारायण कश्यप (61) का 4 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे अन्नपूर्णा के पति, जयंत, जयश्री के पिता और बालकृष्ण, विष्णुप्रसाद, मधुसूदन कश्यप तथा भगवती वर्मा के भाई थे।

## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

### आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम मलगांव के निम्नलिखित प्रभावित भू–विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल मे रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव मे प्रभावित खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजो मे भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है –

| क्र. | भूमि दस्तावेज के अनुसार भू–स्वामी का नाम एवं पिता का नाम | | | | | | नामांतरण पंजी/फ़ौती नामांतरण | खाता नं./ अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि | | आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि | आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि | अन्य (विभिन्न दस्तावेजों मे खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पत्रक V व VI के अनुसार | बी1 (2001–02) के अनुसार | पी–II के (2000–01) के अनुसार | बी1 (2019–20) के अनुसार | पी–II के (2019–20) के अनुसार | मुआवजा प्राप्ति रशीद के अनुसार | | | हे.मे. | एकड़ में | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1. | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पुत्री मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पुत्री मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई कंवर पिता मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह पति द्वारिका सिंह | खाता नं. –110 खसरा नं. – 134/1, 558/5 | 1.230 | 3.04 | 1. आधार कार्ड–भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह कंवर 2. निवास प्रमाण पत्र– भुवन पाल पिता द्वारिका सिंह 3. जाति प्रमाण पत्र – भुवन पाल पिता द्वारिका सिंह 4. वंशवृक्ष 5. 8 वीं अंक सूची– भुवनपाल पिता द्वारिका सिंह | भुवनपाल कंवर पिता स्व द्वारिका सिंह जन्मतिथि – 16/11/1995 (8 वीं अंक सूची के अनुसार) | भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह कंवर |

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम फूलबाई पिता मनमोहन, सजन कुँवर बेवा मनमोहन तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबन्धित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो प्रमाणो के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

सही/–
महाप्रबंधक, एसईसीएल दीपका क्षेत्र






देश के हिस्सों में 50 डिग्री तक पहुंच चुके तापमान ने पेड़ों का महत्व समझा दिया है। पर्यावरण दिवस पर हरियाली फैलाने लोग पौधे रोपने का संकल्प ले रहे हैं, लेकिन पौधे लगाने का यह समय अनुकूल नहीं है। मौसम को देखते हुए शहर की कई बड़ी संस्थाओं ने आज पेड़ नहीं लगाने का फैसला किया है। वे पौधारोपण का संकल्प तो आज लेंगे, लेकिन रोपण बाद में करेंगे।

**कृषि वैज्ञानिकों ने कहा आज संकल्प लेते हुए मानसून का करें इंतजार**

# आज मत रोपिए पौधे, वैज्ञानिकों ने कहा-बारिश के बाद शुरू करें अभियान, जमीन में कम है नमी, एक दिन में मर जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि विवि के वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन ने बताया, तेज गर्मी के कारण जमीन में नमी की मात्रा इस वक्त कम है। मौसम भी गर्म है। नए पौधों की देखभाल कठिन होगी। अभी वृक्षारोपण से जुड़े कोई कार्य नहीं करने चाहिए। ज्यादातर पौधे बारिश से पहले ही खत्म हो जाएंगे।

**पर्यावरण दिवस आज**

## दूसरों द्वारा लगाए गए पौधों की भी करेंगे देखभाल

शहर दर्जन से अधिक संस्थाओं ने इस बार भी शहर में खाली जगहों पर पौधों लगाने का फैसला लिया है। ग्रीन आर्मी संस्था का कहना है कि वे दूसरे द्वारा लगाए पौधों की भी देखभाल करेंगे। प्रदेश में भी इसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। हर साल की तरह इस बार भी सरकारी विभाग और सामाजिक संस्थाएं मिलकर प्रदेशभर में लाखों पौधे लगाने जा रही हैं। लेकिन, इनके बचने और पेड़ बनने की संभावना न के बराबर होती है। इस कारण यह निर्णय लिया है।

## 15 जून के बाद मौसम होगा अनुकूल, तभी लगाएं पौधे

प्रकृति की ओर सोसायटी ने पर्यावरण दिवस पर पेड़ नहीं लगाने का निर्णय लिया है। संस्था के प्रमुख मोहन वल्यानी ने बताया कि बारिश में इस बार भी लाखों पेड़ शहर और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा। इस कार्य को करने विभिन्न संस्थाओं की मदद लेंगे।

बैठक में 15 जून के बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम करने की सहमति बनी है। 15 के बाद शहर में अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। लोगों से भी अपील है कि आज पौधे न लगाएं बारिश होने का इंतजार करें। जमीन में नमी आने से पौधे के खत्म होने की आशंका भी कम हो जाती है। बैठक में निर्भय धाडीवाल,जयेश पीथालिया, डॉ. जितेंद्र त्रिवेदी, डीके तिवारी, सुनीता चंदसोरिया, पुरुषोत्तम चंद्राकर, हरदीप कौर, मुकेश अग्रवाल, रमेश बटवाल, सुरेश बानी, लक्ष्य टारगेट, गुरदीप कौर आदि उपस्थित रहे।

## एक दिन की बारिश पर्याप्त नहीं

कृषि विज्ञान के अनुसार जमीन जब डेढ़ फीट तक नम हो जाती है, तब पौधरोपण करना सही होता है। फिलहाल शहर समेत पूरे प्रदेश की धरती तप रही है। एक दिन की बारिश से भी काम नहीं चलेगा। लगातार तीन दिनों तक बारिश हो, तब कहीं जाकर जमीन पौधों के पनपने लायक होगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक, 10 जून तक रायपुर समेत प्रदेश के अधिकतर इलाकों का तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच रहेगा। ऐसे में पौधे गर्मी से ही मर जाएंगे।

## सलाह-मशविरा के बाद ही करे पौधरोपण

कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा का कहना है कि लोग पर्यावरण को बचाने पौधे तो लगाना चाहते हैं, लेकिन जानकारों से कभी सलाह-मशविरा नहीं करते हैं। ऐसी ही हाल सभी अन्य विभागों का भी है। आज पर्यावरण दिवस पर एक भी पौधे न लगाएं, केवल संकल्प लें। बारिश के बाद जब उमस खत्म हो जाए तभी अभियान शुरू करें। लोगों को जमीन की भौतिक स्थिति व परिस्थितियों को पहले समझना चाहिए। चाहें तो घरों में आज पौधे लगा सकते हैं, लेकिन मैदान या फिर जमीन में लगाने का यह समय सही नहीं है।

## समाज बना रहे पर्यावरण समिति, व्यक्तिगत स्तर पर भी प्रयास

*__लोहाणा महापरिषद :__ समाज के 100 सदस्यों की टीम 15 विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही। लोहाणा महापरिषद पर्यावरण समिति के सचिव हितेश रायचुरा ने बताया, समिति द्वारा बीते 5 साल पहले नए समूह का गठन किया गया। समाज सदस्यों द्वारा पौधारोपण, वेस्ट से बेस्ट वस्तुओं का निर्माण एवं साफ-सफाई का कार्य किया जाता है। सालभर में 250 से अधिक पौधे लगाए गए हैं, जिसकी देख-रेख समाज सदस्यों द्वारा की जाती है।*

*__पहले पेड़ बांटते थे, अब लगा रहे :__ पशु चिकित्सक डॉ. पदम जैन ने अब तक 15 हजार से अधिक पेड़-पौधे लगाए है। डॉ.जैन ने बताया, कुछ सालों पहले पेड़ बांटने का शौक था, लेकिन अब लगाने का है। साल 2009 से व्यक्तिगत रुप से लगातार पेड़ लगाने का कार्य जारी है। सबसे पहले अपने स्कूल और कॉलेज परिसर को हरियाली में बदला। अब तक स्कूल,कॉलेज, गौठान, तालाबों में पेड़ लगाने का कार्य जारी है। ऐसे स्थान जहां पेड़-पौधों की देखरेख की जाए, वहां वृक्षारोपण किया जाता है।*

*__प्लास्टिक से मुक्ति है संकल्प :__ कृष्णकांत साहू बीते 14 मई से पर्यावरण मित्र समूह का निर्माण कर पर्यावरण के लिए कार्य कर रहे हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण, प्लास्टिक से बचाव, स्वच्छता और प्रदूषण मुक्त वातारण है। तालाबों की साफ-सफाई भी वे कर रहे हैं। वहीं शहर की सुनंदा चौधरी ने घर के अलावा टैरिस में 200 से अधिक पेड़ लगाए हैं। उन्होंने बताया, पेड़-पौधे लगाना बचपन से पसंद है। बचपन से ही माता-पिता को हरियाली पसंद थी, जिसे देखकर मुझे भी प्रेरणा मिली। अधिकतर पौधे फलों के है, जिसे मौसम के अनुसार लगाया जाता है।*

*__6 हजार ऑक्सीजन युक्त पौधे :__ हरियाली वेलफेयर सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर बीते 16 सालों से लगातार वृक्षारोपण का कार्य कर रहे हैं। अभी तक 6 हजार से अधिक पेड़ लगाए गए हैं, जिसमें 80 प्रतिशत पेड़ जीवित अवस्था में हैं। संस्था का मुख्य वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरुक करना है। संस्था द्वारा केवल ऑक्सीजन युक्त पेड़ ही लगाए जाते हैं, जिसमें पीपल, बरगत, नीम शामिल है।*

# नीट में सुधरा राजधानी का प्रदर्शन, शहर के राघव को 364वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट के परीक्षा परिणामों की घोषणा मंगलवार को की गई। इसमें प्राप्त रैंक के आधार पर छात्रों को मेडिकल संस्थानों में प्रवेश मिलेंगे। ऐसे में इन छात्रों का मेडिकल कॉलेज में दाखिला तय माना जा रहा है। शहर के राघव वर्मा को 364वां रैंक हासिल हुआ है। राघव वर्मा ने बताया, पेपर से तीन माह पहले पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना शुरु किया। जिसके लिए कोचिंग में टेस्ट के दौरान पूछे गए प्रश्नों को घर पर हल किया। साथ ही अपनी गलतियों को ध्यान में रखकर सुधारने की कोशिश की। इस दौरान कठिन प्रश्नों पर शिक्षकों से चर्चा करता था। केमिस्ट्री विषय में काफी दिक्कत आती थी, जिसके चलते एनसीईआरटी से पढ़ाई करता था। पिता डॉ.दिलीप वर्मा और माता डॉ.सुषमा वर्मा ने भी हमेशा प्रोत्साहित किया। राघव के अलवा शहर के कई छात्रों ने शीर्ष एक हजार में अपना स्थान बनाया है। कुछ समय पहले तक जहां गिनती के ही छात्रों को नीट में अच्छे रैंक, वहीं इस बार बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी है। एलन कोचिंग सेंटर के छात्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां के निलय सूचक को 815, राघव अग्रवाल को 954, कुणाल अजवानी को 2323, मेधाविद बरलोटा को 2706 और मालविका गुप्ता को 5159वीं रैंक मिली है। हरिभूमि से विशेष बातचीत में छात्रों ने अपने स्टडी टिप्स साझा किए हैं।



## कोचिंग के अलावा घर में भी पढ़ाई



ऑल इंडिया रैंक 815 हासिल करने वाले निलय सूचक ने बताया, परीक्षा से कुछ महीने पहले से तैयारी जारी रही। इसके लिए रोजाना समय पर कोचिंग से आने के बाद 2 घंटे लगातार पढ़ाई करता था। अच्छे अंक हासिल करने के लिए नोट्स का रिवीजन नियमित रूप से किया। टेस्ट पेपर भी हल किए। मैं रोजाना एक लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करता था। मेरे पिता रितेश व्यापारी हैं और माता शैजल गृहणी हैं। शिक्षकों के साथ पैरेंट्स की भी पूरी मदद पढ़ाई में मिली।

## सोशल मीडिया से दूरी



954वां रैंक हासिल करने वाले राघव अग्रवाल ने बताया, पेपर के दौरान 10 घंटे की पढ़ाई रोजाना करता था। पढ़ाई के लिए मां और कोचिंग के शिक्षकों ने सहयोग किया। सोशल मीडिया से दूर रहकर केवल पढ़ाई किया। परीक्षा के दौरान तनाव रहा, साथ ही टाइम मैनेजमेंट नहीं हो पाया था। पिता जितेन्द्र अग्रवाल और मां सुचिता का भी हमेशा सहयोग मिला।

# शादी में गया परिवार, सूने घर से लाखों के जेवर-सामान पार, धरे गए तीन आदतन चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजेंद्र नगर पुलिस की कार्रवाई आरोपियों में एक नाबालिग भी

बसंत विहार अमलीडीह स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान की चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया। इनमें से एक आरोपी नाबालिग है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी क सामान जब्त किया है। न्यू राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, प्रार्थी नरेश नानवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पूरा परिवार 31 मई को शादी कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर गया था। 3 जून को जब वे वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा अंदर बेडरूम में आलमारी से सोने के जेवरात लगभग 18 तोले, चांदी के जेवरात लगभग 14 तोले, 2 कैमरे, एक मोबाइल, पीएस-2 गेम आदि गायब थे। इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तेलीबांधा निवासी बसंत कुमार ध्रुव उर्फ बसंता को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। इस पर आरोपी ने प्रार्थी नरेश के सूने मकान में चोरी करने का अपराध कबूल किया। पुलिस इसके बाद बसंत की निशानदेही पर उसके अन्य दोनों साथियों को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सामान भी जब्त किए। चोरी गए सामानों की कुल कीमत लगभग 13 लाख रुपए आंकी गई है। चोरी के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपी आदतन चोर हैं। इससे पूर्व भी वे चोरी के प्रकरण में जेल जा चुके हैं।










उद्योग विशेष...



पर्यावरण की रक्षा,
दुनियाँ की सुरक्षा!

# विश्व पर्यावरण दिवस विशेष...



" आओ मिलकर पेड़ लगाए,
इस धरती को हरा भरा बनाएं
खुली हवा में ले साँसें और
बीमारी को दूर भगाए
आओ मिलकर पेड़ लगाए... "

विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

चलो इस धरती को रहने योग्य बनाये
सभी मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाये



MAHENDRA
महेन्द्र स्पंज एंड पावर लिमिटेड, रायपुर

BLUE LINES PIPES & TUBES
सबसे ज्यादा भरोसा...

ग्लोबल वार्मिंग से खतरे हैं भरपूर
पर्यावरण की रक्षा से
कर सकते हैं इन्हें दूर

विश्व पर्यावरण दिवस
की शुभकामनाएं

जिस पर देश करता है
सबसे ज्यादा भरोसा




Follow us-

MAHESHWARI

NIROS ISPAT PVT. LTD.
14-A, Heavy Industrial Area, Hathkhoj, Bhilai



पर्यावरण की रक्षा,
दुनियाँ की सुरक्षा!

# पर्यावरण दिवस

पर्यावरण को बनाएं रखने की हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी और जवाबदारी है। आप सभी देख रहे है कि गर्मी का तपन साल दर साल, दिन-ब-दिन बढ़ते ही जा रहा है।
अतएव हम सब संकल्प लें, कि इस बार वर्षा काल में हर कोई अधिक से अधिक पौधे रोपे, साथ ही उसकी सुरक्षा और देख रेख की जिम्मेदारी भी लें।



Deepak Gupta
(Managing Director)

SKS ISPAT & POWER LTD
SKS ISPAT & POWER LTD.
Phase-II, Industrial Growth Centre, Siltara, Raipur-493111 (C.G.)
Email : marketing@sksispat.com
Manufacturer of Structural (Joists, H Beam, Angle & Channel) Wire Rod, HB, Sponge, Billets & Silico Manganese etc.

SAGAR® TMT & PIPES
मजबूती और विश्वास का नया नाम...
A PRODUCT OF PANKAJ GROUP...



आने वाले कल को सुरक्षित करें

"प्रकृति का सम्मान ही
हमारा संकल्प"

विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

Pankaj Group
Corporate Office : Harshit Corporate, 401 to 409, 4th Floor
Near R.S. University, Amanaka, Raipur (C.G.) INDIA Ph. No. 0771 -422-3000
mkt@sagartmt.com I mkt@sagarpipe.com I www.pankajgroup.co.in +91-93030-12000

## जैकेट के शेष ...

### सुखोई विमान क्रैश...

एचएएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने आगे बताया कि दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान में आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया है।

विमान के हिस्से 500 मीटर के दायरे में फैले हुए हैं। भारतीय वायुसेना, एचएएल सुरक्षा और एचएएल तकनीकी इकाई की टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया।

### सर्वे गलत साबित...

में एनडीए 300 का आंकड़ा भी नहीं छू पा रहा है। ऐसे में प्रदीप गुप्ता सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। साथ ही उनका एक वीडियो भी वायरल है जिसमें वह ऑन स्क्रीन भावुक नजर आ रहे हैं।

## प्रथम पेज के शेष ...

### भाजपा मुख्यालय में ...

चुनावी नतीजे आ रहे थे, वैसे-वैसे कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उत्साह बढ़ता जा रहा था। मुख्यालय के आस-पास का इलाका पूरा भगवा नजर आ रहा था। यहां से आने-जाने वाले राहगीर भी भाजपा मुख्यालय की एक झलक देखने को आतुर दिखे। शाम तक कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और लोग गेट के अंदर जाने की कोशिश करते दिखे। भाजपा अपनी जीत को लेकर मानो आश्वस्त थी, ऐसे में मुख्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालय में पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी के पोस्टर से पटा है। जगह-जगह लाउड स्पीकर और स्क्रीन लगाई गई है।

पोस्टर में मोदी की राजनीति के सफर की झलकियां दिखाई गई हैं। जिसमें वह नए संसद भवन के निर्माण से लेकर राम मंदिर के उद्धाटन की तस्वीरों को दिखाया है। ऐसे में समर्थक और कार्यकर्ता उनके पोस्टर के साथ सेल्फी भी लेते दिखे। इधर, रुझान के बाद तस्वीर जैसे-जैसे साफ हो रही थी, वैसे ही कांग्रेस मुख्यालय के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं का जमवाड़ा बढ़ रहा था और लोग ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मना रहे थे।

आलम यह था कि कार्यकर्ताओं की अधिक संख्या को देख मुख्यालय के मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। नाचते गाते कार्यकर्ता हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर फहरा रहे थे और प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी जिंदाबाद के नारे लगाकर जश्न मना रहे थे। कांग्रेस मुख्यालय परिसर में तो सुबह से ही पूरी और भटूरे बन रहे थे और परिसर में मौजूद नेता कार्यकर्ता उसका स्वाद ले रहे थे।

### मोदी की आरती ...

भाजपा के समर्थक हैं। तीन माह पहले अपने घर से चले थे और आज चुनावी नतीजे आने पर यहां आए हैं।

वहीं, इसी तरह शंखनाद करने के लिए मेरठ से संजय गोस्वामी भी पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि जब भी मोदी या योगी जीतते हैं तो वह जरूर मुख्यालय आते हैं।

### राहुल गांधी जिंदाबाद ...

कार्यकर्ताओं से दिखाई दिए। रुझानों और नतीजों के बाद जश्न का माहौल और बढ़ता नजर आया। कार्यकर्ताओं ने नतीजों पर नजर बनाए रखी। जैसे ही कांग्रेस की एक सीट की बढ़त मिलती वैसे ही कार्यकर्ता तालियां बजाने लगते हैं। वहीं, जैसे ही एक सीट कम होती है तो मायूस हो जाते हैं। यहां सीट के उतार-चढ़ाव पर शोर गुल नजर आया। इसी के साथ राहुल गांधी जिंदाबाद के नारों से गूंजे। लोग यहां कांग्रेस के चिन्ह के कपड़े, झंडे लेकर पहुंचे थे। कई समर्थन अपने परिवार के साथ भी यहां पहुंचे।

### सन्नाटे के साए में ...

आया। हर तरफ सन्नाटा छाया रहा। पार्टी मुख्यालय में नेता तो दूर कार्यकर्ताओं की भी चहल कदमी नहीं दिखी। पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा भी समय पर कर दी थी। जोर-शोर से प्रचार भी किया। लेकिन, उसके बावजूद दिल्ली में लोकसभा सीट पर कोई जीत दर्ज नहीं की गई।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/03/एनजीपी/2024-2025 **कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के कलमना (केएवी) गुड्स शेड का उन्नयन / आधुनिकीकरण (**ए.** आरसीसी पहुंच मार्ग, **बी.** आरसीसी गुड्स पीएफ / मरम्मत और **सी.** ड्रेनेज कार्य)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,92,37,711/- **बयाना राशि:** ₹ 2,96,200/-

**2. निविदा क्र.:** सी/04/एनजीपी/2024-2025 **कार्य का नाम: (1)** वरिष्ठ डीईएन/मध्य/नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पॉइंट्स और क्रॉसिंग की डीप स्क्रीनिंग और **(2)** वरिष्ठ डीईएन / मध्य / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ग्लूड जॉइंट का नवीनीकरण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,24,83,270/- **बयाना राशि:** ₹ 2,12,400/-

**3. निविदा क्र.:** सी/05/एनजीपी/2024-2025 **कार्य का नाम: (1)** एडीईएन/ट्रैक/नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ITR पर बाउंड्री वॉल का प्रावधान, **(2)** वरिष्ठ डीईएन/मध्य/नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत TT-01, TT-06, TT-10, TT-19, 523, 525, 545, 561 और KRD-7 पर एलएचएस की एक वर्ष की अवधि के लिए जल निकासी। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 83,75,586/- **बयाना राशि:** ₹ 1,67,500/-

**4. निविदा क्र.:** सी/06/एनजीपी/2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन / ट्रैक / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 3 पुलों (15 UP, 15DN और 29 DN) और 3 पुलों (57 DN, 51UP और 41UP) की उप-संरचना की प्रमुख मरम्मत और संरक्षण कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,34,16,460/- **बयाना राशि:** ₹ 4,17,100/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दि. **13.06.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य),**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/08-29

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### विविध कार्य हेतू निविदा सूचना

**क्रमांकः निविदा-क्रमांकः सी.ई.सी/बी.एस.पी./24-25/03, दिनांकः 25.05.2024 (लिमिटेड-टेंडर)**

**कार्यः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के (i) उसलापुर - दाधापारा (17.875 कि.मी.) के मध्य फ्लाइओवर (ii) अनुपपुर (9.20 कि.मी) में फ्लाइओवर (iii) चाम्पा-गेवरा रोड (92 कि.मी.) के मध्य तीसरी एवं चौथी लाइन (iv) तल्लाइपल्ली माइन्स एवं गरे पेलमा माइन्स के मध्य नई डबल लाइन ई.सी.ओ.आर के बरगढ स्टेशन सहित, भालूमूड़ा एवं घरघोड़ा स्टेशन (150 किलोमीटर) के वाई फॉर्म कनेक्टिविटी के कार्य सहित अंतिम स्थान सर्वेक्षण आयोजित करना, भू-तकनीकी जांच के लिए क्षेत्र विवरण के संग्रह सहित जीएडी और अन्य ड्राइंग की तैयारी और सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं एस्टिमेट आदि की तैयारी सहित संबन्धित विभिन्न कार्य का कार्यान्वयन हेतु"। **निविदा मूल्यः** रू. 4,38,11,603.84, **अमानत राशिः** रू. 3,69,100.00, **निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य, **कार्य पूरा होने की अवधि :** 6 (छै) महीना, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 19.06.2024 को 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः** 19.06.2024 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर -पिन 495004 अथवा उपमुख्य इंजीनियर (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर - पिन 495004 अथवा सी.पी.एम/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/निर्माण/बिलासपुर- पिन 495004 के कार्यालय में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उसे डाउनलोड कर/देख सकते है।

**उप-मुख्य अभियंता/निर्माण**
सीपीआर/10/72 **द.पू.म.रेलवे बिलासपुर**

South East Central Railway @secrail


### समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

मदन कुमार साहू ,उम्र 50 वर्ष, पिता श्री कान्तीलाल साहू, जाति-तेली, निवासी-चरमुड़िया (कुरूद) तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग)
...**शपथकर्ता**

// शपथ- पत्र //

शपथकर्ता नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता हैं :- **1.** यह कि मै शपथकर्ता का नाम पता व सकुनत ऊपर लिखे अनुसार सत्य एवं सही हैं ।

**2.** यह कि शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे नाम पर जारी आर.सी.बुक CG04NJ4614 इंजन नं. 926956D0101073 चेचिस नं. MEC841EBMLP099230 दर्ज है।

**3.** यह कि शपथ पूर्वक कथन करता हूं, कि मेरे नाम पर जारी आर.सी.बुक CG04NJ4614 इंजन नं. 926956D0101073चेचिस नं. MEC841EBMLP099230 में मेरे पिताजी का नाम त्रुटिवश शशि साहू दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पिता जी का वास्तविक नाम कान्तीलाल साहू है।

**4.** यह कि शपथ पूर्वक कथन करता हूं, कि मेरे नाम जारी आर.सी.बुक CG04NJ4614 इंजन नं. 926956D0101073 चेचिस नं. MEC841EBMLP099230 में मेरे पिताजी का नाम शशि साहू के स्थान पर सही नाम कान्तीलाल साहू दर्ज करवाना चाहता हूं। अतः शपथ पत्र पेश हैं ।

**सत्यापन :-** मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक में वर्णित सभी बातें सत्य व सही हैं । अतः आज दिनांक को हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

**दिनांक** 04/06/2024

**शपथकर्ता**
**मदन कुमार साहू**
**निवासी-चरमुड़िया (कुरूद)**
**तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग)**

### शपथ पत्र

मैं गोविंद कुमार कुर्म उम्र-43 वर्ष, पिता-विजय कुमार कुर्म, निवासी- मकान नं. 54/431, शिक्षक कॉलोनी, उपाध्याय स्कूल, डंगनिया, रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि-

1. यह कि, मेरा उपर वर्णित नाम व पता सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे सभी दस्तावेज में मेरे पिता जी का नाम विजय कुर्म दर्ज हे।
3. यह कि, मेरे पिता जी का नाम नये आधार कार्ड में विजय कुमार कुर्म दर्ज किया गया है तथा वर्तमान में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।
4. यह कि, आज दिनांक से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में गोविंद कुमार कुर्म पिता-विजय कुमार कुर्म के नाम से जाना व पहचाना जावे।
5. यह कि, यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करता हूँ।

**शपथकर्ता**

मैं शपथकर्ता गोविंद कुमार कुर्म पिता-वियज कुमार कुर्म, निवासी- मकान नं.-54/431 शिक्षक कॉलोनी, उपाध्याय स्कूल, डंगनिया, रायपुर छ.ग. यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक लिखी गई सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**
**गोविंद कुमार कुर्म**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5417 दिनांक 21.07.2020 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक-जुनियर एम.आई.जी- 11/114, को श्री दीपक नेमीचंद रहांगडाले पिता श्री नेमीचंद रहांगडाले, के नाम पर नामान्तरण किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 02.03.2020 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री दीपक नेमीचंद रहांगडाले पिता श्री नेमीचंद रहांगडाले, निवासी :- मकान नं.- 211, इंदिरा गॉंधी वार्ड, तहसील व जिला - गोंदिया महाराष्ट्र, पिन नं. - 441614, के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति कांति देवी पति श्री कृष्णा प्रसाद, निवासीः- ग्राम - घोघिया, मसरख, सारन, तहसील व जिला - मसरख, बिहार, पिन नं. - 841417, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी - 11/114 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर

### सीमांकन के संबंध में आम सूचना

**दिनांक 03/06/2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शिवकुमार अग्रवाल पिता रामेश्वर दास अग्रवाल निवासी समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 142/1, 144/3, 145 रकबा क्रमशः 0.088 हे., 0.110 हे., 0.109 हे. का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 12/03/2024 के परिपालन में दिनांक 07/06/2024 को समय 11 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-16**
**सारागांव**

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

**"मिनी रत्न कम्पनी"**
**(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम खोड़री के 120.959 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए.एक्ट (ए.एण्ड डी ) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें लागू सी. आई.एल. (आर.एण्ड आर.) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) Concept के आधार पर 113 भू-स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 06 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधो लिखित तालिकानुसार है:-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | रकबा (हे. में) | कुल रकबा (हे. में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी /उम्मीदवार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आदित्य कुमार पिता कोमलसिंह | 79/3 87/2<br>89/1 101/3 | 0.097<br>0.162<br>0.295<br>0.138 | 0.692 | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह (संबंध–स्वंय) | नामांकन पत्र | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र.40 | आदित्य कुमार पिता कोमलसिंह | ––– | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | आदित्य कुमार पिता कोमलसिंह | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2017 | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2022–23 | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2016–17से 2020–21 | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2022–23 | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | ––– | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | आदित्यकुमार पिता कोमलसिंह | ––– | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | –––– | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | –––– | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | ––– | 10TH- ADITYA KUMAR S/O KOMAL SINGH DOB-13.12.2004<br>12TH- ADITYA KUMAR S/O KOMAL SINGH | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | –––– | ADITYA KUMAR S/O KOMAL SINGH | |
| | | | | | | आधार कार्ड | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | आदित्य कुमार पिता कोमल सिंह | |
| 2 | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | (153,154)<br>160<br>167<br>172<br>275/13 | 0.182<br>0.024<br>0.117<br>0.049<br>0.036 | 0.408 | सुरजीत कुमार पिता राज कुमार कंवर (संबंध–स्वय) | नामांकन पत्र | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार–93 | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2017 | सूरजीत कूमार पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2022–23 | सूरजीत कूमार पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2016–17से 20–21 | सूरजीत कूमार पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2022–23 | सूरजीत कूमार पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | –––– | सुरजीत कुमार पिता राजकुमार कंवर | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | –––– | सुरजित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | ––– | 10वीं– SURJEET KUMAR S/O RAJ KUMAR KANWER,DOB:- 03/12/1996<br>12वीं– SURJEET KUMAR S/O RAJKUMAR KANWER, DIPLOMA (MECH. ENGG.) - SURJEET KUMAR S/O RAJ KUMAR KANWAR | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | –––– | SURJEET KUMAR S/O RAJ KUMAR KANWER | |
| | | | | | | आधार कार्ड | सुरजीत कुमार पिता राज कुमार | सुरजीत कुमार पिता राज कुमार | |
| 3 | हंसलता पिता राजकुमार | 27/2<br>107/3<br>66<br>317 | 0.120<br>0.120<br>0.222<br>0.105 | 0.567 | हंसलता पिता राजकुमार (संबंध–स्वंय) | नामांकन पत्र | हंसलता पिता राजकुमार | हंसलता पिता राजकुमार | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | हंसलता पिता राजकुमार | हंसलता पिता राजकुमार | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र0 58 | हंसलता पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | हंसलता पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2017 | हंसलता पिता राज कुमार | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2022–23 | हंसलता पिता राज कुमार | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2016–17से 2020–21 | हंसलता पिता राज कुमार | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2022–23 | हंसलता पिता राज कुमार | ––– | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | हंसलता पिता राजकुमार | ––– | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | हंसलता पिता राजकुमार | हंसलता पिता राजकुमार | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ––– | हंसलता पिता राजकुमार | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ––– | हंसलता पिता राजकुमार | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | ––– | 10वीं–HANSLATA D/O RAJ KUMAR DOB- 06/07/1991<br>12वीं–HANSLATA D/O RAJ KUMAR<br>B.Sc.-- KU. HANSLATA D/O RAJKUMAR<br>B. Ed.- KU. HANSLATA D/O RAJ KUMAR<br>M.Sc.-- HANSLATA D/O RAJKUMAR | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | | HANSLATA D/O RAJ KUMAR | |
| | | | | | | आधार कार्ड | हंसलता पिता राज कुमार | हंसलता पिता राज कुमार | |
| 4 | समेलाल पिता सुखसिंह | 335/5 | 0.405 | 0.405 | बसंत कुमार पिता समे लाल (संबंध–पुत्र) | नामांकन पत्र | समेलाल पिता सुखसिंह | बसंत कुमार पिता समे लाल | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | समेलाल पिता सुखसिंह | बसंत कुमार पिता समेलाल | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 95 | समेलाल पिता सुखसिंह | ––– | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | समेलाल पिता सुखसिंह | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2017 | समेलाल पिता सुखसिंह | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2019–20 | समेलाल पिता सुखसिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2016–17से 2020–21 | समेलाल पिता सुखसिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2019–20 | समेलाल पिता सुखसिंह | ––– | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | समेलाल पिता सुखसिंह | ––– | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | समेलाल पिता सुखसिंह | बसंत कुमार पिता समेलाल | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | –––– | बसंत कुमार पिता समेलाल | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | –––– | बसंत कुमार पिता समेलाल | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | ––– | 10वीं– BASANT KUMAR S/O SAME LAL (CORRESPONDENC E COURSE), DOB: 06/04/1993<br>12 वी (OPEN) & BASANT KUMAR S/O SAME LAL<br>NCVT- BASANT KUMAR S/O SH. SAME LAL | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | –––– | BASANT KUMAR S/O SAME LAL | |
| | | | | | | आधार कार्ड | समेंलाल पिता सुखसिंह | बसंत कुमार पिता समेलाल | |
| 5 | ना0 बा0 अजय कुमार पिता विशाल सिंह बलि पिता विशाल सिंह पिता चंदन सिंह | 74/2<br>264/1 88/1<br>188<br>281 | 0.162<br>0.150<br>0.121<br>0.065<br>0.271 | 0.769 | अजय कुमार कंवर पिता बिशाल सिंह कंवर (संबंध–स्वय) | नामांकन पत्र | अजय कुमार पिता विशाल सिंह | अजय कुमार पिता विशाल सिंह | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | अजय कुमार पिता विशाल सिंह | अजय कुमार पिता विशाल सिंह | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र.30 | ना0 बा0 अजय कुमार पिता विशाल सिंह बलि पिता विशाल सिंह पिता चंदन सिंह | ––– | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | ना0 बा0 अजय कुमार पिता विशाल सिंह बलि पिता विशाल सिंह पिता चंदन सिंह | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2017 | ना0 बा0 अजयकुमार पुत्र विसालसिंह बली पिता विशाल सिंह पुत्र चंदनसिंह | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2022–23 | ना0 बा0 अजयकुमार पिता विशाल सिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2016–17से 2020–21 | ना0बा0 अजयकुमार पुत्र विसालसिंह बली पिता विशाल सिंह पुत्र चंदनसिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2022–23 | ना0 बा0 अजयकुमार पिता विशाल सिंह | ––– | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | अजयकुमार पिता विशाल सिंह | ––– | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | अजय कुमार कंवर पिता विशाल सिंह | अजय कुमार कंवर पिता विशाल सिंह | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | –––– | अजय कुमार पिता विशाल सिंह | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | –––– | अजय कुमार पिता विशाल सिंह | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | ––– | 10वीं– AJAY KUMAR KANWAR S/O BISHAL SINGH KANWAR DOB: 23/12/1984<br>12वीं– AJAY KUMAR KANWAR S/O BISHAL SINGH KANWAR | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | –––– | AJAY KUMAR KANWAR S/O BISHAL SINGH KANWAR | |
| | | | | | | आधार कार्ड | अजय कुमार कँवर पिता विशाल सिंह | अजय कुमार कँवर पिता विशाल सिंह | |
| 6 | राजकुमार,कोमलसिंह,संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | 95/3<br>95/4<br>225/7<br>225/10<br>337/3 | 0.174<br>0.174<br>0.190<br>0.190<br>0.048 | 0.776 | अमित कुमार पिता राजकुमार (सबंध–पुत्र/भतीजा) | नामांकन पत्र | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार पिता विशाल सिंह(फौत पश्चात् वारिशान– पुष्पलता, ना0बा0 दुर्गेश ना0बा0 दीपेश पिता संजय कुमार | अमित कुमार पिता राजकुमार | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | राजकुमार,कोमल सिंह,अजय कुमार, संजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार पिता विशाल सिंह (फौत) वारिसान– ना0बा0 दुर्गेश, ना0बा0 दीपेश पिता संजय कुमार, पुष्पलता पति संजय कुमार | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 29 | राजकुमार, कोमलसिंह, संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | ––– | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | राजकुमार, कोमलसिंह, संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2017 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | बी– 1 वर्ष 2022–23 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2016–17से 2020–21 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | पी– 2 वर्ष 2022–23 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | राजकुमार कोमलसिंह संजयकुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार, संजय कुमार (फौत) पत्नि पुष्पलता, पुत्र– दुर्गेश, दीपेश | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | –––– | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | –––– | अमित कुमार पिता राज कुमार | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | ––– | 10TH- AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR DOB- 27.02.1992<br>12TH- AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR<br>BE(Electrical and Electricals)- AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR<br>M.Tech- AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | –––– | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | आधार कार्ड | राज कुमार पिता विशाल सिंह, कोमल सिंह पिता विशाल सिंह कंवर, अजय कुमार कंवर पिता विशाल सिंह, पुष्पलता पति स्व0 संजय कुमार | अमित कुमार पिता राज कुमार | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीद्वार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। SECL-76 **स्टाफ अधिकारी (भू–राजस्व),एसईसीएल,कुसमुण्डा क्षेत्र**


## झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

### (झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

का0:अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, 455/A, रोड नं0–5, अशोक नगर, राँची।
E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com TOLL FREE No. 18008891131

**ई–निविदा सूचना संख्या ल0 व0 प0 प0 [के0 प0(पूराना)]–06/2023**
**वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत "जैसा है जहाँ है" केन्दू पत्ती की बिक्री हेतु ई–निविदा**

### अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना

वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत एवं भण्डारित केन्दू पत्ती की प्रचयवार "शुद्ध एक मुश्त राशि" पर "जैसा है जहाँ है" के आधार पर बिक्री हेतु ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें वेब पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन निम्नवत प्राप्त की जायेगी :–

| निविदा चक्र (निविदा रेफरेन्स सं0) | समय | निविदा अभिलेख डाउनलोड एवं समर्पण की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| तैंतीसवाँ चक्र(KL(OLD)/33/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 11.06.2024/18.06.2024 | 20.06.2024 |
| चौंतीसवाँ चक्र(KL(OLD)/34/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 21.06.2024/25.06.2024 | 27.06.2024 |
| पैंतीसवाँ चक्र(KL(OLD)/35/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 28.06.2024/02.07.2024 | 04.07.2024 |
| छत्तीसवाँ चक्र(KL(OLD)/36/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 05.07.2024/09.07.2024 | 11.07.2024 |

क्रेता पंजीकरण पत्र, निविदा शुल्क, सत्यंकर राशि, निविदाकार का करारनामा, आयकर विभाग द्वारा निर्गत PAN की अभिप्रमाणित प्रति, पिछले तीन लेखा वर्षों के आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित प्रतियाँ, GST निबंधन संख्या के प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति, विगत् लेखा वर्ष के GST रिटर्न की प्रति तथा अपलोड किये गये अन्य दस्तावेजों की एक–एक प्रति निविदादाता निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व (11.00 बजे पूर्वाहन्) तक प्रमण्डलीय प्रबन्धक के कार्यालय में जमा करेंगे। समस्त इच्छुक निविदाकारों को ऑनलाईन निविदा भरने हेतु Digital Signature Certificate प्राप्त करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी यथा निविदा प्रपत्र, लॉट सूची, निविदाकार का करारनामा, निविदा से संबंधित शर्तें एवं बंधेज आदि वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन निविदा समर्पित करने के पूर्व निविदा प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी के लिये वन निगम के प्रमण्डलीय/अंचलीय कार्यालयों से तथा वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 8789362839 (3) श्री ब्रायन माईल्स, राँची, 9153989368
(2) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची, 9153989366

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची।

PR 325281 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd(24-25)#D


# करना पड़ा था कास्टिंग काउच का सामना...



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मीता वशिष्ठ ने बहुत काम किया है। इनके अभिनय का तो हर कोई कायल है। जिस तरह से ये एक कड़क अंदाज में पर्दे पर नजर आती हैं। काबिल-ए-तारीफ है। इन्होंने अभी से नहीं, बल्कि कई दशकों से इस इंडस्ट्री में अपने पैर जमाए हुए हैं। इन्होंने न सिर्फ फिल्में ही की हैं। वेब सीरीज और टीवी में भी काम किया है। लेकिन एक बार एक रोल के लिए इन्हें कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। मीता वशिष्ठ का इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं था। वह आउटसाइडर हैं। लेकिन आज जो कुछ भी हैं, खुद के दम पर हैं। 56 साल की अदाकारा ने इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे एक रोल के बदले उन्हें डायरेक्टर ने साथ रहने के लिए कहा था। इसके बाद उन्होंने उस रोल को करने से ही मना कर दिया था। उन्होंने कहा, 'साउथ इंडस्ट्री के एक डायरेक्टर थे। उन्होंने चेन्नई में मुझसे मुलाकात की और उन्होंने मुझे एक फिल्म में लीड रोल का ऑफर दिया।

## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

**"मिनी रत्न कम्पनी"**
**(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)**

एसईसीएल/म0प्र0/भू–राजस्व/2024/213 दिनांक : 23.05.2024

### आवश्यक सूचना

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की प्रस्तावित सराईपाली ओपन–कॉस्ट परियोजना के ग्राम–बुड़बुड़ के प्रभावित भू–विस्थापित को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने/नौकरी के बदले एकमुश्त वित्तीय सहायता राशि हेतु है, जिसमें से निम्नलिखित 01 भू–विस्थापित/नामांकित व्यक्ति के नाम में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है :–

| क्रमाँकः | ग्राम का नाम | संशोधित घटते क्रम की सूची क्रमांक | खातेदार का नाम/पिता का नाम | अर्जित खसरा नं0: | अर्जित रकबा (एकड़) | नामांकित व्यक्ति का नाम/पिता का नाम/नामांकन फार्म में | संबंध | बी–1 (वर्ष 2006–07) | पत्रक 13 | पत्रक 22 एवं सीबीए स्टेटमेंट | पी–2 (वर्ष 2006–07 से 2010–11) | नामांकन फार्म में खातेदार का नाम | शपथ पत्र | वंशवृक्ष | आधार कार्ड | जाति प्रमाण पत्र | निवास प्रमाण पत्र | शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुड़बुड़ | 38 | अंजोरसिंह/परस राम | 268/1, 268/2, 269, 272, 275, 276, 582/3, 582/6 (227/2, 189/3) | 3.44 | – | – | अंजोरसिंह पिता परस | अंजोरसिंह पिता परसराम | अंजोरसिंह पिता परसराम एवं अंजोरसिंह/परसा | अंजोरसिंह पि. परसा | – | मंगतराम, शिवप्रसाद, चैतकुंवर, शिवकुमारी, दुजकुंवर पिता स्व. अंजोरसिंह | – | मंगतराम पिता अंजोरसिंह, शिवकमुारी बिरको पति निर्मल सिंह बिरको, दुजकुंवर पति उमाशंकर, चैतकुंवर पति सदाप्रसाद, शिवप्रसाद पिता अंजोरसिंह | मंगतराम आत्मज स्व. अंजोरसिंह, शिवप्रसाद आत्मज स्व. अंजोरसिंह, चैतकुंवर आत्मज स्व. अंजोरसिंह, शिवकुमारी आत्मज स्व. अंजोरसिंह | मंगतराम आत्मज स्व. अंजोरसिंह, शिवप्रसाद आत्मज स्व. अंजोरसिंह, चैतकुंवर आत्मज स्व. अंजोरसिंह, शिवकुमारी आत्मज स्व. अंजोरसिंह | – | – |

उपरोक्त वर्णित नामों के अंतर एवं भू–स्वामी द्वारा रोजगार हेतु नामित उम्मीदवार के संदर्भ में यदि किसी को आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति प्रकाशन तिथि के सात (07) दिवसों के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। समय–सीमा समाप्त होने पर किसी प्रकार की आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**महाप्रबंधक**
**एसईसीएल कोरबा क्षेत्र**

# पर्यटकों के बीच सबसे लोकप्रिय हैं ये 10 देश, जानें क्या है भारत की रैंकिंग

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) ने हाल ही में ट्रैवल एंड टूरिज्म डेवलपमेंट इंडेक्स (टीटीडीआई) जारी किया है। इस इंडेक्स में यात्रा और पर्यटन के लिहाज से शीर्ष 10 देशों की लिस्ट है। इस इंडेक्स में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में अमेरिका शीर्ष पर है और धरती का स्वर्ग कहा जाने वाला यूरोपीय देश स्विटडरलैंड 10 वें स्थान पर। टीटीडीआई इंडेक्स में देशों की लिस्टिंग के लिए उन कारकों और नीतियों को ध्यान में रखा जाता है जो यात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा देते हैं, जो बदले में देश के विकास में योगदान देता है। साल 2024 के लिए इस इंडेक्स में 119 देशों को शामिल किया गया है और बताया गया है शीर्ष 10 देश दुनियाभर से सबसे अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

## क्या है भारत की रैंकिंग?

इस इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 39वीं है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि भारत की प्राकृतिक (छठे), सांस्कृतिक (9वें) और नॉन लिजर (9वें) संसाधन इसके पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देते हैं। विश्व की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बहुत योगदान है। लाखों की संख्या में लोग हर साल अलग-अलग डेस्टिनेशन पर यात्रा करते हैं जिससे पर्यटन उद्योग को बहुत फायदा होता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2024 में पर्यटन उद्योग 2.9% बढ़ा था और 2023 में 3%।

## टीटीडीआई इंडेक्स में शीर्ष पांच देशों के घूमने की जगह



### अमेरिका

अमेरिका में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी, ग्रैन कैनॉन, ग्लेशियर नेशनल पार्क, येलोस्टोन नेशनल पार्क जैसी जगहें घूमने के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां आप सेन फ्रांसिस्को, लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क जैसे खूबसूरत शहर भी घूम सकते हैं। साल 2023 में अमेरिका में 8 करोड़ विदेशी पर्यटक पहुंचे थे, जिससे देश की जीडीपी को 1.8 खरब डॉलर का योगदान मिला।

### कौन हैं वो शीर्ष 10 देश

| | |
|---|---|
| 1. अमेरिका | (स्कोर 5.24) |
| 2. स्पेन | (स्कोर 5.18) |
| 3. जापान | (स्कोर 5.09) |
| 4. फ्रांस | (स्कोर 5.07) |
| 5. ऑस्ट्रेलिया | (5.00) |
| 6. जर्मनी | (5.00) |
| 7. ब्रिटेन | (4.96) |
| 8. चीन | (4.94) |
| 9. इटली | (4.90) |
| 10. स्विटजरलैंड | (4.81) |



### जापान

परंपरा और आधुनिक आविष्कारों का बेहतरीन संगम जापान पर्यटकों को बहुत पसंद आता है। क्योटो शहर के मंदिर और टोक्यो शहर की जगमगाती सड़कें काफी प्रसिद्ध हैं। साल 2023 में जापान में 3 करोड़ विदेशी पर्यटक पहुंचे जिससे देश की अर्थव्यवस्था को 300 अरब डॉलर का फायदा हुआ।

### ऑस्ट्रेलिया

प्राकृतिक सौंदर्य और अलग-अलग तरह के जंगली जानवरों से भरे ऑस्ट्रेलिया में हर साल भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। सिडनी, मेलबर्न जैसे शहरों में घूमना आपको एक अलग और अनूठा अनुभव देता है। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया में 80 लाख पर्यटक पहुंचे थे, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को 60 अरब डॉलर का फायदा हुआ।

### स्पेन

अपने खास वास्तुकला के लिए मशहूर स्पेन में आप बार्सिलोन और ग्रेनाडा जैसे शहरों में घूम सकते हैं। देश के समुद्री किनारे काफी खूबसूरत हैं और यहां के सभी त्योहार भी काफी रंग-बिरंगे हैं। साल 2023 में 7 करोड़ पर्यटक स्पेन गए जिससे राजस्व को 150 अरब डॉलर का फायदा हुआ।



### फ्रांस

आइकॉनिक एफिल टावर का देश फ्रांस पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां के प्रोवेनसे क्षेत्र के गांवों की गिनती दुनिया के सबसे खूबसूरत गांवों में होती है। हर साल फ्रांस में 8 करोड़ पर्यटक पहुंचते हैं जिससे पर्यटन राजस्व को 200 अरब डॉलर का लाभ होता है।



Ajay Advt.

# वो कौन-सा देश है, जहां मरे हुए लोगों की कराई जाती है शादी?

**बीजिंग।** दुनियाभर के अलग-अलग हिस्सों में कई ऐसी चौंकाने वाली परंपराएं हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। इनमें से कोई ट्रेडिशन बच्चों के जन्म को लेकर है, तो कोई शादी-विवाह को लेकर. कई परंपराएं मौत से भी जुड़ी हुई हैं। आज हम आपको मृतक लोगों से जुड़ी परंपरा के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आपसे पूछा जाए कि क्या आप किसी ऐसे देश के बारे में जानते हैं, जहां पर मृतकों की शादी कराई जाती है? तो ज्यादातर लोगों का जवाब ना होगा। ऐसे में हम बता दें कि ऐसी परंपरा हमारे पड़ोसी मुल्क चीन में निभाई जाती है। यूं तो चीन अपने विचित्र खान-पान को लेकर चर्चा में रहता है, लेकिन वहां की परंपराएं भी कोई कम अजीब नहीं है। चीन में मृतकों की शादी कराने के रिवाज को घोस्ट वेडिंग कहा जाता है। पिछले 3000 सालों से ये प्रथा चली आ रही है, जिसके तहत जो लोग कुंवारे मर गए, उनकी शादी कराई जाती है। इस परंपरा को मानने वालों का कहना है कि ऐसा करने से अविवाहित लोग मरने के बाद अकेले नहीं रहते हैं। हैरत की बात ये है कि मुर्दा लोगों की शादी जीवित लोग कराते हैं। साथ ही दहेज-गिफ्ट का भी लेन-देन होता है। लेकिन शादी से पहले जिस तरह से हमारे यहां कुंडली का मिलान होता है, वैसे ही मुर्दों का भी मैच मेकिंग होता है। मरे हुए दूल्हा-दुल्हन के परिवार वाले मैच-मेकर के रूप में काम करने के लिए फेंग शुई मास्टर को रखते हैं।






अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्येम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, अधिकृत डीलर रीप्रजेन्टेटीवः ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983.

# AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH

## AMITY RAIPUR
# YOUR GATEWAY TO THE C-SUITE

### UNIQUE PLACEMENT INITIATIVES BY CORPORATE RESOURCE CENTRE

**Student Committee on Placements (SCOP)** to facilitate campus placements

**Unique 3-tier mentorship** by a corporate leader, alumni & faculty for enhanced career guidance

**Overseas placements** in top corporates like Human Resocia, Sekisho, Nitto Denko, TMEIC...

**Behavioural science modules** and language proficiency programs

**Involvement of industry professionals** as panelists in admission interviews

**Career networking** opportunities with 700,000+ well-heeled alumni

**Exclusive Triple C Model** - Corporate Counselling Club

**Employability Skill Building Workshops**; ICT enabled PPM: Pre-Placement Mock sessions; Student Centric PMM: Profile Mapping Matrix

### AMITY RAIPUR STUDENTS HAVE BEEN PLACED IN TOP CORPORATES

| | | | |
|---|---|---|---|
| pwc | Nestlé | adani | airtel |
| Human ヒューマンリソシア | ICICI Bank | amazon | TOMMY HILFIGER |
| दैनिक भास्कर | Flipkart | jaro education | IndusInd Bank |
| tcs | Prestige | Crompton Greaves | wakefit |
| Capgemini | ZS | YAMAHA | UNO MINDA |
| AXIS BANK | ROYAL ENFIELD | HDFC BANK | accenture |
| Tech Mahindra | TAJ sats | ET | Network 18 |

HIGHEST CTC: **₹18.7 LPA** | PLACEMENT OFFERED BY: **Human Resocia** | COs. VISITED 2024: **182**

### AN ECOSYSTEM FOR STUDENTS' SUCCESS

250+ Distinguished faculty, scientists and staff

Faculty have filed 73 patents, and published 1,020 books/research papers

CEO Dinner Series, Industry Mentorship & Conversation Programs

55+ Hi-tech labs & learning studios

11 Start-ups incubated by campus incubator, including 9 by students

For higher international education progression, students selected at prestigious universities globally

Tie-ups for skills development with IBM, Oracle, Sun Microsystems...

6 Centres of Excellence for IPR, Robotic Process Automation (RPA), Ayurveda, Gender studies...

Experiential learning through live projects, industrial visits etc.

Market driven curricula designed in consultation with Industry Advisory Boards



2.2 LAKH Sqm. WORLD-CLASS AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH CAMPUS AT RAIPUR

### AMITY MERIT SCHOLARSHIPS

| | UG | PG | |
|---|---|---|---|
| Scholarship | 10+2 | 10+2 | Grad. |
| 100% | 93% | 93% | 80% |
| 50% | 88% | 88% | 75% |
| 25% | 70% | - | - |

**MBA**

| Scholarship | Percentile/(CAT/MAT) | Score GMAT/ GRE |
|---|---|---|
| 100% | 90 | 650/161 |
| 50% | 85 | 600/157 |
| 25% | 75 | 450/149 |

FOR ADMISSIONS, APPLY AT:
**www.amity.edu/raipur**
BY: **22nd June 2024**
OR SCAN THE QR CODE

HELPLINE : **7303-396-666**

### 2024 SESSION ADMISSIONS OPEN FOR UG & PG PROGRAMMES IN THE FOLLOWING DOMAINS

- ARCHITECTURE
- COMPUTER Sc./IT
- ENGINEERING
- LAW
- PHARMACY
- BIOTECHNOLOGY
- ECONOMICS
- FASHION DESIGN
- MANAGEMENT
- PSYCHOLOGY
- COMMERCE
- ENGLISH LITERATURE
- INTERIOR DESIGN
- MEDIA & COMMUNICATION
- ROBOTICS & AUTOMATION

**FOR OPEN HOUSE SESSION AT CAMPUS, REGISTER AT: www.amity.edu/raipur/openhouse**

AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH, MANTH (KHARORA), RAIPUR | **E:** admissions@rpr.amity.edu

# विश्व पर्यावरण दिवस विशेष...

# Agriculture & Industrial Needs









**मां की ममता और पेड़ का दान**
**दोनों करते हैं जन-जन का कल्याण**
**स्वच्छ पर्यावरण, पानी और हवा**
**है जीवन जीने की अनमोल दवा।**

विश्व पर्यावरण दिवस, एक ऐसा दिन है जिसको पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन को प्रत्येक वर्ष विश्व के लगभग 143 देशों में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। पहली बार इस दिन को 5 जून 1973 में मनाया गया था, जिसके बाद से प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मुख्यतः समुद्री प्रदूषण, अधिक जनसंख्या, ग्लोबल वार्मिंग, सतत विकास और वन्यजीव अपराध जैसे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर समाज में जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है।

Contact for ad
9340808313













MARUTI SUZUKI
NEXA
BEST TIME TO BUY.
Avail exciting offers on NEXA range of cars.
CREATE. INSPIRE.
NEXA
2.5 MILLION
INSPIRING JOURNEYS
"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS."
Scan to explore NEXA World
Scan to chat on WhatsApp
RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047),
NEXA ONE RING ROAD (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), NEXA MAGNETO (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160),
BHILAI: NEXA SUPELA (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824),
DURG: NEXA DURG BYPASS (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302),
JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
Scan To Book Your Test Drive Now.
*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th June'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.

## स्कॉटलैंड-इंग्लैंड मैच में बारिश की खलल

**ब्रिजटाउन।** रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण गत चैम्पियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच मंगलवार को यहां खेले जा रहे आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच को रोकना पड़ा है। बारिश के कारण दूसरी बार मैच रोके जाते समय स्कॉटलैंड ने 6.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 51 रन बना लिए थे। इससे पहले तेज हवाओं और बारिश के कारण यहां केंसिंग्टन ओवल में टॉस के बाद मैच शुरू होने में विलंब हुआ था। मैच रोके जाते समय माइकल जोन्स 23 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। जबकि जॉर्ज मुन्से 19 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 18 रन बनाकर नाबाद थे।


## न्यायालय तहसीलदार लैलूंगा जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ..... / अ-6/2023-24 साकिन लैलूंगा, प.ह.नं. 37

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के पत्र क्रमांक 4711/ भू-अर्जन / 2024 रायगढ़ दिनांक 15/05/2024 के अनुसार छत्तीसगढ़ रोड एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलमपेंट कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा ग्राम लैलूंगा प.ह.नं. 37 रा.नि.म. व तहसील लैलूंगा स्थित भूमि ख.नं. 632/5 रकबा 0.017 हे. को आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत नियमानुसार प्रस्तुत प्रस्ताव पर माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रिट याचिका क्रमांक डब्लूपीसी नम्बर 4116 / 2023 श्रीमती जानकी पटेल बनाम छत्तीसगढ़ शासन अन्य 05 में पारित आदेश दिनांक 20/09/2023 के पालन में आवेदक इकाई द्वारा आपसी सहमति भूमि क्रय नीति 2016 के तहत विधिवत की गई है। इसलिए भूमि क्रय करने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर आपसी सहमति से क्रय नीति में वर्णित प्रावधानों के तहत आवश्यक औपचारिकता पूर्ण कराने तथा नियमानुसार भूमि पर स्थावर परिसंपत्तियों तथा कुंआ, मकान, वृक्ष आदि का मुल्यांकन संबंधित विभाग से अभिमत चाहा गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर / आपत्ति हो तो वह दिनांक 07/06/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा ।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

S-40267/1 मुहर

तहसीलदार
लैलूंगा


# फारूकी की घातक गेंदबाजी में उड़ा युगांडा

**प्रोविडेंस (गुयाना)।** तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के पांच विकेट और रहमानुल्लाह गुरबाज तथा इब्राहिम जदरान के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में युगांडा को 125 रन से हराया । कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज गुरबाज ने 45 गेंद में 76 रन बनाये जबकि जदरान ने 46 गेंद में 70 रन की पारी खेली । दोनों ने पुरूषों के टी20 विश्व कप में पहले विकेट के लिये सर्वोच्च 154 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से अफगानिस्तान ने पांच विकेट पर 183 रन बनाये ।

### अफगानिस्तान की 125 रन से आसान विजय

- पहली बार उतरी युगांडा 58 रन पर आउट
- गुरबाज व जदरान में पहली विकेट के लिए शतकीय पारी



बायें हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी ने चार ओवर में नौ रन देकर पांच विकेट लिये । विश्व कप में पहली बार उतरी युगांडा की टीम 16 ओवर में 58 रन पर आउट हो गई । फारूकी दो बार हैट्रिक लेने के करीब पहुंचे थे । पहली गेंद पर चौका पड़ने के बाद उन्होंने बेहतरीन इनस्विंगर पर रौनक पटेल को आउट किया । इसके बाद रोजर मुकासा पगबाधा आउट हो गए। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिये खेल चुके फारूकी ने 13वें ओवर में तीन और विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया । उन्होंने रियाजत अली शाह को बोल्ड किया और युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा को गुरबाज के हाथों लपकवाया । वह हैट्रिक से चूक गए लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर एक और विकेट लिया । इससे पहले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रामक शुरूआत की । गुरबाज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर छक्का जड़ा । जदरान ने दिनेश नकरानी के छठे ओवर में लगातार चार चौके लगाये । पावरप्ले के आखिर में अफगानस्तान ने 11 रन प्रति ओवर की दर से रन बना डाले थे । गुरबाज ने चार चौके और चार छक्के लगाये और अपना अर्धशतक सिर्फ 28 गेंद में पूरा किया ।


### //आम सूचना का खण्डन//

**दिनांक 02.06.2024 को दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि के पृष्ठ क्रं. 05 पर प्रकाशित आम सूचना का खण्डन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जुगदेही खसरा नं. 454/2 रकबा 0.85 हे. कृषि भूमि का स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी साकेत गिरी गोस्वामी, राकेश गिरी गोस्वामी, आरती गोस्वामी पिता देवेन्द्र गिरी गोस्वामी एवं मीना गोस्वामी पति देवेन्द्र गिरी गोस्वामी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिस संबंध में साकेत गिरी वगैरा के द्वारा व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 163 अ /2016 प्रस्तुत किया था जिसमें श्रीमान व्यवहार न्यायधीश वर्ग 2 कुरूद के द्वारा पारित निर्णय दिनांक 16.04.2024 को आदेश वादीगण के पक्ष में पारित किया गया है । भानुप्रकाश गिरी के द्वारा आम सूचना प्रकाशन किया है जो गलत है तथा उक्त आदेश के विरूद्ध अपील प्रकारण की सुनवाई सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है तथा भानुप्रकाश को किसी न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त नहीं हुआ है तथा उक्त भूमि साकेत गिरी की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है जिस पर साकेत गिरी को उक्त कृषि भूमि खसरा नं. 454/2 रकबा 0.85 हे. भूमि का उपयोग उपभोग क्रय-विक्रय करने का पूर्ण अधिकार है। भानुप्रकाश के द्वारा उक्त कृषि भूमि का विवाद होने के संबंध में झूठा सूचना प्रकाशित कराया है जबकि उक्त भूमि पर कभी भी भानुप्रकाश का कब्जा नहीं रहा है जिस कारण श्री साकेत गिरी के द्वारा उक्त आम सूचना दिनांक 02.06.2024 के खण्डन में यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है।

दिनांक 03.06.2024

**आम सूचना का खण्डन कर्ता साकेत गिरी, राकेश गिरी वगैरा**
**ग्राम- जुगदेही, तहसील- भखारा**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**

**प्रेषक**
**नरेश डिंगरे (अधिवक्ता)**
**सिविल कोर्ट कुरूद जिला धमतरी**
**मो. 7987362758**


## लक्ष्य सेन इंडोनेशिया ओपन के दूसरे दौर में

**जकार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया । सेन ने 40 मिनट के भीतर 21-12, 21-17 से जीत दर्ज की ।

# मिशन विश्व कप का आज आगाज करेगी टीम इंडिया

- आयरलैंड के खिलाफ आज रात आठ बजे से मुकाबला

**न्यूयॉर्क।** आलोचक भले ही उन्हें 'नयी बोतल में पुरानी शराब' कहें लेकिन भारत के सुपरस्टार क्रिकेटर बरसों से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने का मलाल मिटाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहेंगे और अपने इस मिशन की शुरूआत टी20 विश्व कप में बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के जरिये करेंगे ।

भारतीय टीम में अभी भी कई अनसुलझे सवाल हैं मसलन यहां 'ड्रॉप इन' पिच पर टीम संयोजन क्या रहेगा । अभी तक यहां हुए मैचों से स्पष्ट है कि इंडियन प्रीमियर लीग की तरह यहां रनों का अंबार नहीं लगने जा रहा है । उससे भी बड़ी चिंता खिताब के प्रबल दावेदार का ठप्पा है । रोहित शर्मा और विराट कोहली तो विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं लेकिन जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा जैसे 'दशकों में एक ' माने जाने वाले क्रिकेटरों ने अभी तक खिताब नहीं जीता है और वे इसके लिये बेताब हैं ।

पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ड्रेसिंग रूम की सीढियां चढते हुए कप्तान रोहित शर्मा अपने आंसू नहीं छिपा सके थे । वहीं 765 रन बनाने वाले कोहली के चेहरे पर भी उदासी साफ देखी जा सकती थी । कई बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बना पाते । भारत ने अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि यही टीम कई बार आखिरी दो तिलिस्म नहीं तोड़ सकी है ।

सैतीस बरस के रोहित का यह आखिरी विश्व कप है और यह लगभग तय है कि वह भारत में होने वाले अगले टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप तक नहीं खेलेंगे ।




# प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन को हराया

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर (नॉर्वे)



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के खिलाफ आर्मोगेडोन पर मिली हार का बदला चुकता करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में जीत दर्ज की हालांकि इससे पहले चीनी खिलाड़ी ने मजबूत स्थिति में पहुंचकर खुद गलतियां की थी जो उन पर भारी पड़ी। पहला मुकाबला ड्रॉ रहा और प्रज्ञानानंदा ने आर्मागेडोन में बाजी मारी। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा के खिलाफ धीमी शुरूआत की और आर्मागेडोन में हार गए। वहीं फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना को हराया। अभी टूर्नामेंट के तीन दौर बाकी हैं और कार्लसन 13 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। नकामूरा उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरजा उनसे डेढ अंक पीछे हैं।


**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI** रायपुर शाखा, समवेत शिखर भवन, एकात्म परिसर के सामने, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) 492001

### कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

जबकि

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत, रायपुर शाखा अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| **मेसर्सः-श्यामा राईस इंडस्ट्रीज, प्रोपराईटर- पंकज चौबे पिता श्री राम बिलास चौबे** | 1) प्लांट एवं मशीनरी का दृष्टिबंधन. 2) साम्यिक बंधक युक्त फैक्ट्री भूमि और भवन स्थित खसरा नंबर 13/16 का भाग म्यूटेशन पश्चात् खसरा नं. 13/17, ग्राम-बाना, प.ह.नं. 102, आर.आई.सी.-धरसीवा-1, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 0.218 हेक्टेयर, श्री पंकज चौबे, श्री प्रकाश चौबे, श्री अरविन्द चौबे। | दिनांक 16.01.2024 / कब्जा दिनांक 01.06.2024 | ₹ 4,49,88,611.90 (चार करोड़ उन्नचास लाख अट्ठासी हजार छह सौ ग्यारह रूपये एवं नब्बे पैसे) +ब्याज + अन्य खर्च |

के नाम पर स्थित. **चौहद्दी**:-उत्तर-रास्ता, दक्षिण-इंद्र कुमार की भूमि,पूर्व-खसरा नंबर 12/14 की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि। (3) साम्यिक बंधक युक्त फैक्ट्री भूमि और भवन स्थित खसरा नंबर 63/2 का भाग म्यूटेशन पश्चात् खसरा नं. 63/3, ग्राम-बाना, प.ह.नं. 102, आर.आई.सी.-धरसीवा-1, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 0.484 हेक्टेयर, श्री पंकज चौबे, श्री प्रकाश चौबे, श्री अरविन्द चौबे के नाम पर स्थित. **चौहद्दी**:- उत्तर-गजानंद की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि,पूर्व-खसरा नंबर 64/1 और 64/2, की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि। (4) साम्यिक बंधक युक्त फ्रीहोल्ड परिवर्तित आवासीय भूमि एवं भवन स्थित मकान नंबर 4/479, खसरा नंबर 127 एवं 398 स्थित, ग्राम/मौजा बजरंग नगर, चिरहूलडीह वार्ड, शहीद चुड़ामणि नायक, वार्ड न.4, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.), अनुमानित क्षेत्रफल 650 वर्गफीट, श्रीमति प्रेमलता चौबे के नाम पर स्थित.**चौहद्दी**:- उत्तर-कमला बाई का मकान, दक्षिण-सौनी जी का मकान,पूर्व-रास्ता, पश्चिम-3 फीट गली।

दिनांक : 04.06.2024, स्थान : रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया




## पेज 1 के शेष

### छत्तीसगढ़ में प्रचंड...

ठाकरे परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद भी पटाखे चलाए, वहीं प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारियों और नेताओं ने भी पटाखे चलाए। ठाकरे परिसर के जश्न में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री संजय श्री वास्तव, रामू रोहरा, शिवतरन शर्मा, रामप्रताप सिंह, सच्चिदानंद उपासने, अमित चिमनानी, अमित साहू सहित कई नेता उपस्थित थे। वहीं एकात्म परिसर में विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, जंयती पटेल, अशोक बजाज, पूर्व विधायक नंदे साहू सहित कई नेताओं की उपस्थिति में जमकर आतिशबाजी की गई।

**डबल इंजन की सरकार करेगी राज्य का तेज विकास : किरण देव**- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा की शानदार जीत पर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा, यह जीत जनता और प्रधानमंत्री श्री मोदी 10 वर्षों में किए गए काम और लिए गए क्रांतिकारी निर्णयों की जीत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने जो अपना विश्वास व्यक्त किया है, अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार उस विश्वास की कसौटी पर खरी उतरने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी।

**मोदी पर भरोसा कायम** -भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व रामजी भारती ने कहा, जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जो अपना अटूट विश्वास कायम रखकर तीसरी बार केंद्र की सत्ता सौंपी है, वह भाजपा को सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करेगा। मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में विश्वस्तरीय स्टेशन का निर्माण करेगी जिसके अंतर्गत 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास किया जाएगा। आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार होगा। विश्वस्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा और भरतलाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ समेत देशभर में भाजपा के प्रति अपना अभूतपूर्व समर्थन व्यक्त करने पर जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, भाजपानीत राजग सरकार अब विकसित भारत के अपने विजन पर तेजी से काम करेगी।

**बृजमोहन ने काटा लड्डू वाला केक**- बृजमोहन अग्रवाल की जीत को लेकर समर्थक और भाजपा के कार्यकर्ता उत्सहित रहे। श्री अग्रवाल ने केंद्रीय चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ लड्डूओं से बना केक काटा और सबको खिलाया। केंद्रीय चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। श्री अग्रवाल की जीत पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जयस्तंभ चौक में भी जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटी।

**बृजमोहन बोले- मेरी भूमिका केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा** -रायपुर लोकसभा से ऐतिहास जीत पर बृजमोहन अग्रवाल ने जनता के प्रति आभार जताया और कहा यहां की जनता ने हमेशा से मुझे प्यार और आशीर्वाद दिया है। पहली बार लोकसभा में भी जनता ने मुझे पर भरोसा जताते हुए रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा, रायपुर लोकसभा की जनता की सेवा मेरी प्राथमिकता। केंद्र में अपनी भूमिका को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, मेरी भूमिका भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा।

**बृजमोहन की विजय रैली**- रायपुर लोकसभा में जीत का प्रमाणपत्र लेने के बाद बृजमोहन अग्रवाल की विजय रैली मतगणना स्थल इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार से निकाली गई। यह रैली संतोषी नगर, टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक, कालीबाड़ी चौक, महिला थाना चौक, मोतीबाग चौक से होते हुए सिविल लाइन स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय सिविल लाइन पहुंची। श्री अग्रवाल अपनी जीत का प्रमाणपत्र लेने के लिए अपनी पत्नी के साथ पहुंचे थे। इसके पहले उन्होंने अपनी पत्नी के साथ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

**डिप्टी सीएम शर्मा बोले- तीसरी बार पीएम बनकर मोदी रचेंगे इतिहास**-डिप्टी मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत देकर जनता जनार्दन ने एक बार फिर राष्ट्र की बागडोर महानायक नरेंद्र मोदी को सौंपने का आदेश दिया है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचेंगे।

**सीएम साय बोले- कार्यकर्ताओं के...**- अजय जामवाल भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन सहित सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया। किरण देव ने भाजपा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा, इंडी गठबंधन हारने के बाद भी बड़े-बड़े बयानों से परहेज नहीं कर रहा, जबकि एनडीए जीत के बाद भी सौम्य है। इंडी गठबंधन तमाम गलत एजेंडे फैलाने के बावजूद भी भाजपा से आगे नहीं बढ़ पाया और पूरा का पूरा इंडी गठबंधन सीटों के मामले में भाजपा से पीछे रहा। लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना ऐतिहासिक है।

### मतगणना स्थल पर बिना....

बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन से ड्यूटी करने के लिए पहुंचे थे। इन दोनों पुलिस कर्मियों को हेलमेट बिना वाहन चलाते देखते ही यातायात विभाग के डीएसपी गुरजीत सिंह ने दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका चालान कटवाया और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने की समझाइश दी।

**प्रावधान 500 रुपये का, ट्रैफिक कर्मियों पर लगाया दोगुना जुर्माना**- मोटरयान अधिनियम के तहत बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने पर 5 सौ रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है, लेकिन ट्रैफिक कर्मी होकर नियम का उल्लंघन करने पर डीएसपी ने दोनों कर्मियों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 129/194 (डी) के तहत दोगुना जुर्माना लगाया है। इस तरह उनके विरुद्ध एक-एक हजार रुपये का चालान काटा गया।

### सेजबहार में लगाई...

पहुंचे थे। वाहन चलाते समय दोनों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। डीएसपी ने जब दोनों से हेलमेट नहीं पहनने का कारण पूछा, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत चालान कटवाया।

### लेटलतीफी में टॉप पर...

ट्रेनों की लेटलतीफी की इस समस्या से यात्री सालभर से जूझ रहे हैं, लेकिन अभी समस्या कुछ अधिक बढ़ गई है। यात्री लगातार आस लगाए बैठे हैं कि परिचालन की स्थिति अब सुधर जाएगी। हालांकि ऐसा हो नहीं रहा। लेटलतीफी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। यात्री इससे पहले ही परेशान थे। अब गर्मी के कारण लेटलतीफी से ज्यादा दिक्कत हो रही है। अब तक ट्रेनें घंटों में विलंब से चलती थीं, लेकिन वर्तमान लेटलतीफी का समय दिन में बदल गया है। सबसे बदतर हालात समर स्पेशल ट्रेनों के हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट में...

फ्लाइट नियमित रूप से सुबह 9.45 बजे रायपुर पहुंचती है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में थोड़ी देर स्टापेज के बाद 10.15 बजे यात्रियों को लेकर भुवनेश्वर के लिए रवाना होती है। तीन राज्यों के शहरों को एक साथ जोड़ने वाली इस फ्लाइट में काफी संख्या में यात्री होते हैं।

## निधन

### गोपी नारायण कश्यप



रायपुर। चंगोराभाठा निवासी गिरजाशंकर मिश्र विद्यालय रायपुरा के व्याख्याता गोपी नारायण कश्यप (61) का 4 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे अन्नपूर्णा के पति, जयंत, जयश्री के पिता और बालकृष्ण, विष्णुप्रसाद, मधुसूदन कश्यप तथा भगवती वर्मा के भाई थे।



## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

### आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम मलगांव के निम्नलिखित प्रभावित भू–विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल मे रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव मे प्रभावित खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजो मे भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है –

| क्र. | भूमि दस्तावेज के अनुसार भू–स्वामी का नाम एवं पिता का नाम | | | | | | नामांतरण पंजी/फौती नामांतरण | खाता नं./ अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि | | आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि | आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि | अन्य (विभिन्न दस्तावेजों मे खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पत्रक V व VI के अनुसार | बी1 (2001–02) के अनुसार | पी–II के (2000–01) के अनुसार | बी1 (2019–20) के अनुसार | पी–II के (2019–20) के अनुसार | मुआवजा प्राप्ति रशीद के अनुसार | | | हे.मे. | एकड़ में | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1. | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पुत्री मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई पुत्री मनमोहन सिंह, सजन कुँवर बेवा मनमोहन सिंह | फूल बाई कंवर पिता मनमोहन सिंह | फूल बाई पिता मनमोहन सिंह पति द्वारिका सिंह | खाता नं. –110 खसरा नं. – 134/1, 558/5 | 1.230 | 3.04 | 1. आधार कार्ड–भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह कंवर 2. निवास प्रमाण पत्र– भुवन पाल पिता द्वारिका सिंह 3. जाति प्रमाण पत्र – भुवन पाल पिता द्वारिका सिंह 4. वंशवृक्ष 5. 8 वीं अंक सूची– भुवनपाल पिता द्वारिका सिंह | भुवनपाल कंवर पिता स्व द्वारिका सिंह जन्मतिथि – 16/11/1995 (8 वीं अंक सूची के अनुसार) | भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह कंवर |

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम फूलबाई पिता मनमोहन, सजन कुँवर बेवा मनमोहन तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम भुवन पाल कंवर पिता द्वारिका सिंह पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबन्धित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो प्रमाणो के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

सही/–
महाप्रबंधक, एसईसीएल दीपका क्षेत्र





























## नतीजे : गांवों में भाजपा की एकतरफा जीत से जश्न का माहौल

# बृजमोहन की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न, झूमे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

प्रदेश की हाईप्रोफाइल सीट रायपुर में एक बार फिर बीजेपी ने कब्जा करने में सफल रहा है। बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विकास उपाध्याय से बड़ी लीड ले ली है। श्री अग्रवाल ने 4,36,354 मतो के अंतर से जीत दर्ज कर इतिहास रच लिए है। इस जीत के बाद धरसींवा मण्डल सहित गांवो में जश्न का बड़ा माहौल दिख रहा है। चौक-चौराहो पर जय श्रीराम के नारों के साथ जम कर आतिशबाजी हुई है। धरसींवा विधानसभा में भाजपा ने 71523 मतों से लीड ले कर इतिहास रच दिए।

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम के लिए उत्सुक ग्रामीण और कार्यकर्ताओं ने सुबह 08 बजे से ही टीवी के सामने अंगद की पैर की तरह जम गए थे और दिन भर टीवी पर ही नजर बनाए हुए थे। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी जीत में धरसींवा विधानसभा की अपनी महती भूमिका रही। जिसमें धरसींवा भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि धरसींवा भाजपा मंडल से भाजपा ने इस बार 74000 मतो से लीड लेकर इतिहास रच दिए है। बता दे कि धरसींवा विधायक अनुज शर्मा की धुंवाधार प्रचार और कार्यकर्ताओं के बीच अपनी महती भूमिका निभाने वाले मण्डल अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा की मेहनत रंग लाई जिससे सैकड़ों गांवों में कांग्रेस की किला जमीदोष हो गई है। आपको बता दें कि 1991 के बाद से ये सीट बीजेपी के अलावा कोई दूसरा दल नहीं जीत पाया है। एक बार फिर बीजेपी ने इस सीट पर जीत हासिल करके अपने गढ़ को बचाने की ओर अग्रसर है।



### ऐतिहासिक जीत पर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी

तिल्दा नेवरा। लोक सभा चुनाव में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के ऐतिहासिक जीत पर तिल्दा नेवरा में भाजपा ने मनाया जश्न। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। वहीं रायपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल के रिकार्ड ऐतिहासिक जीत पर तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने स्टेशन चौक एवं सांई मंदिर चौक में जमकर आतिशबाजी की एवं मिठाइयां वितरण किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने कहा कि यह जनता की जीत है।

### जश्न का रहा माहौल

*छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों के शुरुआती नतीजे सुबह 10 बजे से ही आने लगे थे। जहां रायपुर प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने शुरू से ही बढ़त बनाये और ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ली। बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को 4,36,354 वोट से हराया है। बृजमोहन अग्रवाल की जीत से कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल नजर आ रहा है। कार्यकर्ता मिठाई बांटकर और पटाखे फोडकर खुशियां मना रहे है। बता दें कि बृजमोहन अग्रवाल की जीत तय मानी जा रही थी, वहीं अब इस ऐतिहासिक आकड़ों ने उनके विजयी क्रम में एक कदम और बढ़ा दिया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर के के वर्मा, विधानसभा भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत सोनी, खरोरा मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, शेखर वर्मा, उमराव साहू, उपाध्यक्ष कौशल साहू, महामंत्री पुरुषोत्तम यादव, भाजपा नेता मोहमद यूनुस, जनपद सदस्य भूपेंद्र कसार, सरपंच फूलचंद साहू, सरपंच हेमन्त वर्मा, चन्द्रकान्त सोनमिरी, सरपंच विद्या भूषण वर्मा, सरपंच रेमन पाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमणी शिवारे, किरण साहू, प्रमिला पटेल, नत्थू यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष टीनू कांत वर्मा, नवीन वर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।*



# चिता लकड़ी के बजाए गोबर के कंडे से जलाएं : महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम चरौदा में पदस्थ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल को पर्यावरण की इतनी चिंता है कि वह अपने घर वालों से कह रखा है मरणोपरांत उनके चीता लकड़ी के बजाए गोबर के कंडे से जलाए। जिससे कि उनके दुनिया से जाने के बाद किसी पेड़ को कटना न पड़े। वह कहते हैं हर दिन संसार में लाखों लोगों की मृत्यु होती है। जिसमें अलग–अलग धर्मों में मृत्युपरांत शवों को जलाने की परंपरा है। जिससे लाखों टन लकड़ियां लोगों के दाह संस्कार में लग जाता है। जिसके लिए लाखों पेड़ों को कटना पड़ता है। जिसका असर पर्यावरण पर भी पड़ता है। वहीं हिंदू धर्म में गाय के गोबर को बहुत ही पवित्र माना गया है। सभी धार्मिक कार्यों व अनुष्ठानों में गाय के गोबर का उपयोग किया जाता है। आज भी बहुत लोगों का दाह संस्कार गोबर के कंडे से ही किया जाता है। यदि गोबर के कंडे जहां उपलब्ध हो वहां लोगों के दाह संस्कार कंडे से किया जाए तो लाखों पेड़ों को कटने से बचाया जा सकता हैं। इस तरह यदि हम पौधे लगा नहीं सकते तो बचा जरूर सकते हैं। वह बताते हैं उन्होंने अब तक आरंग, चरौदा, लाफिन कला में सैकड़ों पौधे रोपित किए हैं, जिनमें से अधिकांश पौधे काफी बड़े हो गए है। साथ ही इन पौधों का नियमित देखभाल भी कर रहे हैं। उनका कहना हैं पौधे चाहे कोई भी लगाए सुरक्षित करने की जिम्मेदारी सबकी है। उन्होंने कोविड काल में पौधरोपण व संरक्षण को लेकर सव्यय से प्रेरक गीत भी बनाए हैं।



■ **पर्यावरण दिवस आज : लोगों के दाह संस्कार में लग जाती हैं लाखों टन लकड़ियां**

साथ ही प्रेरक शाट फिल्म पेड़ बर झगरा, स्वच्छ भारत मिशन व जल जागरूकता गीतों का निर्माण भी किये है। उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य स्तर पर एफएम तड़का व अन्य संस्थाओं द्वारा समर्पण अवार्ड भी प्रदान किया गया है। वह विगत दो-तीन वर्षों से हर वर्ष अपने जन्मदिन पर भी अनेकों पीपल, बरगद, नीम आदि सैकड़ों पौधे रोपित व संरक्षित कर लोगों को पौधरोपण व संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं।


### आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता उत्तम कुमार पिता बहुरदास जाति सतनामी निवासी महामाया पारा आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर वाले से भूमि स्वामी हक एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम सकरी प.ह.नं. 49/09 रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि का ख.नं. 1130/1 रकबा 2.07 हे. भूमि जो कि राजस्व रिकार्ड में एकल नाम पर दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है। इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार क्रेता बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा तथा मेरा पक्षकार क्रेता उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा।

सो सूचना जानें,

आरंग छ.ग.
दिनांक 04/06/2024

के. के. गुप्ता (अधिवक्ता)
इंदिरा चौक आरंग, जि. रायपुर (छ.ग.)
मो. 79746-62256





# नया जतन एवं 21वीं सदी के कौशल पर हुआ प्रशिक्षण

आरंग। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा आयोजितएफएलएन ऑनलाइन प्रशिक्षण के तृतीय दिवस मास्टर ट्रेनरों ने नया जतन के बारे में कहा कि यह सीखने और सिखाने की सतत चलने वाली शिक्षा शास्त्र की रणनीति है, तथा बहुस्तरीय शिक्षण का एक सशक्त उपकरण भी। इस प्रक्रिया से बच्चे तेजी से कौशलों को सीखते हैं। वही 21वीं सदी के कौशल को स्पष्ट करते हुए कहा गया कि डिजिटल युग में सफल होने के लिए छात्रें के लिए 21वीं सदी के शिक्षा कौशल में निपुण होना आवश्यक है। इन कौशलों में सहयोग, संचार, समस्या समाधान, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मक और प्रौद्योगिकी का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की क्षमता निहित है। इसमें 6सी तकनीक का उपयोग समझाया गया। साथ ही बच्चों को भविष्य वेदी बनाने की सोच में कहा गया कि आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है, बच्चों को स्वयं से सीखने या खुद करके देखने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही गई, जिससे बच्चों के अंदर की प्रतिभा निखर कर सामने आती है तथा वह साहसी, खोजी, एवं वैज्ञानिक सोच वाला बनता है। आगे कहा गया कि बच्चों को चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार करने पर उसका मस्तिष्क उद्धेलित होता है तथा उसमे सीखने की बेहतर संभावनाएं सामने आती है। साथ ही बच्चों को सीखने के अवसर प्रदान करने के नए–नए तरीके एवं वर्तमान शिक्षण में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण पर विस्तार से टूल्स के माध्यम से जानकारी दी गई। इस अवसर पर आरंग, समोदा, मंदिर हसौद जोन के लगभग 900 शिक्षकों ने तकरीबन ढाई घंटे प्रशिक्षण प्राप्त किया।





